दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



कोरिया में 8 दिसम्बर को ........



खूबसूरत लुक से ......

वर्ष : 11 | अंक : 344 | लखनऊ, 04 दिसम्बर, गुरूवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

### जीएलए विवि दीक्षांत समारोह में केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी का प्रेरक संबोधन

# भारत नवाचार के स्वर्णिम युग में, युवा आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा में आयोजित भव्य 14वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने छात्रों को प्रेरणादायी संबोधन देते हुए कहा कि भारत का भविष्य युवाओं के हाथों में है और आने वाले वर्षों में वह देश को नई बुलंदियों तक पहुंचाएंगे।

मंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर आयोजित यह दीक्षांत समारोह केवल एक शैक्षणिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि छात्रों के जीवन का महत्वपूर्ण संस्कार है। उन्होंने गीता के उपदेशों का उल्लेख करते हुए कहा कि जब जीवन में संशय हो या मार्ग स्पष्ट न दिखे, तब "कर्तव्य पालन" मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म होता है और साहस से आगे बढ़ने पर सफलता स्वयं रास्ता बना लेती है।




### पूरी दुनिया छात्रों के लिए नया कक्षा–कक्ष होगा

पंकज चौधरी ने कहा कि आज आप सब अपने जीवन की नई यात्रा पर निकल रहे हैं। यह डिग्री केवल आपकी शिक्षा का प्रमाणपत्र नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी का प्रतीक है। मंत्री ने युवाओं से जीवन भर सीखते रहने की प्रेरणा देते हुए कहा कि कैंपस में मिली शिक्षा तो प्रारंभिक अध्याय थी, अब पूरी दुनिया उनका नया कक्षा–कक्ष होगा, जहाँ अनुभव उनके सबसे बड़े शिक्षक बनेंगे। उन्होंने कहा कि भारत आज वैश्विक मंच पर अपनी क्षमता साबित कर रहा है। 5जी और भविष्य की 6जी तकनीक का स्वदेश में विकास कोई सामान्य उपलब्धि नहीं, बल्कि देश की तकनीकी स्वतंत्रता की बड़ी छलांग है। भारत अब 2जी–3जी–4जी के दौर जैसा निर्भर देश नहीं, बल्कि डिजिटल नेतृत्वकर्ता के रूप में उभर रहा है।

### देश में 1.6 लाख से अधिक स्टार्टअप्स कार्यरत

मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि देश में 1.6 लाख से अधिक स्टार्टअप्स कार्यरत हैं और भारत दुनिया का अग्रणी स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड-अप इंडिया, स्किल इंडिया 2.0 जैसी योजनाओं ने लाखों युवाओं, महिलाओं और नव उद्यमियों को नए अवसर दिए हैं। अगर आपके पास आइडिया, कौशल और मेहनत की इच्छा है तो आपको अवसरों की कभी कमी नहीं होगी।

छात्रों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि युवाओं को अपने कौशल को लगातार अद्यतन करना चाहिए, क्योंकि बदलते समय में सीखते रहने वाला ही सफल हो पाता है। जीवन में आने वाली चुनौतियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियाँ ही चरित्र निर्माण करती हैं और वही सफलता के आधार बनती हैं।

चौधरी ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, माता–पिता और अभिभावकों के योगदान को नमन करते हुए कहा कि दीक्षांत दिवस पर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना हर छात्र का दायित्व है। उन्होंने गुरुकुल परंपरा के 'समावर्तन संस्कार' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह वह क्षण है जब विद्यार्थी सीखकर समाज में लौटते हैं और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में राष्ट्र निर्माण में योगदान देते हैं। दीक्षांत समारोह में 5548 उपाधियां एवं 21 गोल्ड और 21 सिल्वर मेडल प्रदान किए।

### मौसम

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

### बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

### खबर संक्षेप

#### नाबालिग ने 140 की स्पीड से दौड़ाई कार



लखनऊ। जिले में दोस्तों संग शराब के नशे में जा रहे नाबालिग ने 140 की स्पीड़ से कार दौड़ाकर बाइक सवार को इतनी तेज ठोकर मारी कि वह सात फिट उछलकर कार की बोनट पर गिरकर बेहोश हो गया। इसके बाद कार चालक ने दो स्कूटी सवारों को भी टक्कर मार दी। इलाज के बाद पीड़ित ने नाबालिग कार चालक व दो अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### डिटेंशन सेंटर बनाने का निर्देश

# सीएम योगी की सख्ती के बाद बांग्लादेशी रोहिंग्या घुसपैठियों पर कसा शिकंजा


उत्तर प्रदेश से बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को निकालने के लिए एक्शन शुरू हो गया है। इसके लिए नगर निकायों को सूची बनाकर आईजी और कमिश्नर को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / लखनऊ,

उत्तर प्रदेश में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों पर बड़ी कार्रवाई शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस संबंध में 17 नगर निकायों को निर्देश दे दिए हैं। निर्देश में कहा गया है कि नगर निकायों में काम करने वाले रोहिंग्या और बांग्लादेशियों की सूची बनाएं और कमिश्नर व आईजी को सौपे।

कमिश्नर व आईजी को प्रथम चरण में डिटेंशन सेंटर बनाने का निर्देश दिया गया है। ये डिटेंशन सेंटर प्रदेश के हर मंडल में बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद अधिकारी एक्शन में आ गए हैं।

पुलिस ने सैकड़ों आधार, वोटर आईडी, राशन कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र चेक किए



#### प्रबंधन, सुरक्षा की जिम्मेदारी जिला प्रशासन व पुलिस की होगी

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसकी मानक संचालन प्रक्रिया भी सभी राज्यों को भेजी है, जिसके बाद अब यूपी में भी अन्य राज्यों की तरह डिटेंशन सेंटर बनाए जाएंगे। इनके प्रबंधन और सुरक्षा की जिम्मेदारी जिला प्रशासन और पुलिस की होगी। इसके अलावा पकड़े गए घुसपैठियों की जानकारी गृह विभाग को रोजाना देनी होगी।

#### डिटेंशन सेंटरों पर खाने-पीने और इलाज की भी सुविधा

दिल्ली में करीब 18 डिटेंशन सेंटर चल रहे हैं, जिनमें तकरीबन 1500 विदेशी नागरिकों को कड़ी सुरक्षा बंदोबस्त में रखा गया है। इनमें अवैध रूप से सीमा पार कर आए बांग्लादेशी, रोहिंग्या और अफ्रीकी मूल के देशों के नागरिक हैं। बांग्लादेशी व रोहिंग्या नागरिकों द्वारा भारतीय नागरिकता के दस्तावेज बनवा लेने की वजह से उनका सत्यापन कराया जा रहा है। डिटेंशन सेंटरों पर खाने-पीने, इलाज की सुविधा भी मुहैया कराई जाती है। सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहता है। तत्पश्चात एफआरआरओ के जरिए उनको वापस भेजने की प्रक्रिया की जाती है। तमाम राज्यों में पकड़े गए घुसपैठियों को पश्चिम बंगाल और असम में बीएसएफ की मदद से वापस भेजा जाता है।

#### दिल्ली की तर्ज पर बनेंगे डिटेंशन सेंटर

यूपी से विदेशी घुसपैठियों को बाहर करने के लिए दिल्ली की तर्ज पर जिलों में डिटेंशन सेंटर बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश के बाद कई कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उनको वापस भेजने की प्रक्रिया पूरी होने तक डिटेंशन सेंटर में रखने के लिए जगह तलाशी जा रही हैं। शासन के निर्देश पर जिलों में खाली सरकारी इमारतों, सामुदायिक केंद्र, पुलिस लाइन, थाने आदि चिन्हित किए जा रहे हैं, जहां घुसपैठियों को कड़ी सुरक्षा में रखा जा सके।

### प्रस्तावित अनुपूरक बजट

# महिला रोजगार पर 21 हजार करोड़ फ्री बिजली पर 6462 करोड़ खर्च



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

बिहार की नीतीश सरकार मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना पर 21 हजार करोड़ रुपएऔर मुफ्त बिजली योजना पर 6462 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इसके अलावा, पटना मेट्रो रेल प्रोजेक्ट में 389 करोड़ रुपए, तो राज्य के 4 एयरपोर्ट निर्माण (गयाजी, भागलपुर, दरभंगा और सहरसा) के लिए 500 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने बुधवार को बिहार विधानसभा में द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया। इसके तहत मौजूदा वित्तीय वर्ष में 91 हजार 717 करोड़ रुपये की राशि खर्च करने का प्रावधान है। अनुपूरक बजट को सदन में चर्चा के बाद 5 दिसंबर को पारित कराया जाएगा।

#### बालिका इंटर प्रोत्साहन योजना के 288 करोड़

प्रस्तावित अनुपूरक बजट में मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के लिए 1885 करोड़ रुपए, बालिका स्नातक प्रोत्साहन योजना में 750 करोड़, पेयजल निश्चय योजना में 594 करोड़, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए 314 करोड़, बालिका इंटर प्रोत्साहन योजना के 288 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रावधान है।

#### सड़कों के निर्माण के लिए 861 करोड़

बिहार सरकार मौजूदा वित्तीय वर्ष में सड़क निर्माण पर 861 करोड़ खर्च करेगी। वहीं, बाढ़ नियंत्रण पर 651 करोड़, ऊर्जा कंपनियों में निवेश के लिए 600 करोड़, औद्योगिक विकास पर 500 करोड़, पंचायत सरकार भवनों पर 500 करोड़, पुलिस भवनों के निर्माण पर 400 करोड़, स्टेडियम व खेल संरचना विकसित करने के लिए 250 करोड़ रुपए का प्रावधान है। राज्य में मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए 150 करोड़, महादलित विकास के लिए 130 करोड़ खर्च करेगी ।


# बहराइच-जरवल रोड नई रेल लाइन की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार, पूर्वी यूपी की कनेक्टिविटी को मिलेगी नई रफ्तार

## उत्तर प्रदेश में रेल विकास का सुनहरा दौर, 49 परियोजनाएं स्वीकृत, 62,360 करोड़ की लागत से 3,807 किमी नेटवर्क विस्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बहराइच-जरवल रोड के बीच प्रस्तावित नई रेल लाइन को लेकर एक बड़ी प्रगति सामने आई है। केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को लोक सभा में बहराइच-जरवर रोड नई रेललाइन के सम्बन्ध में पूछेगये सवाल के जवाब में बताया कि 70 किलोमीटर लंबी इस रेल लाइन का सर्वेक्षण पूरा हो चुका है और इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) भी तैयार कर ली गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बहराइच और जरवल रोड गोंडा जंक्शन के माध्यम से रेल नेटवर्क से जुड़े हुए हैं, लेकिन नई सीधी रेल लाइन के निर्माण से इस क्षेत्र को तेज, सुगम और बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। इससे यात्रा समय घटेगा और क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक व औद्योगिक विकास को भी नई गति मिलेगी।

केन्द्रीय रेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि डीपीआर तैयार होने के बाद अब इस परियोजना को स्वीकृति दिलाने के लिए राज्य सरकार सहित विभिन्न संबंधित विभागों से परामर्श, नीति आयोग की



समीक्षा तथा वित्त मंत्रालय की मंजूरी जैसी प्रक्रियाएं पूरी करनी होंगी। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में रेल संपर्क को और सुदृढ़ करने के लिए कई अन्य परियोजनाओं को भी मंजूरी दी जा चुकी है। इनमें बुढ़वलद्दजरवल रोडद्दगोंडा कचहरी चौथी लाइन (56 किमी), बुढ़वलद्दजरवल रोडद्दगोंडा तीसरी लाइन (62 किमी), बाराबंकीद्दबुढ़वल तीसरी लाइन (27 किमी) और बहराइचद्दखलीलाबाद 240 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन प्रमुख हैं।

सरकार ने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश में रेल विकास का स्वर्णिम दौर चल रहा है, जहां अब तक 49 रेल परियोजनाओं को स्वीकृति दी जा चुकी है। इन परियोजनाओं पर कुल 62,360 करोड़ रुपये की लागत से 3,807 किलोमीटर लंबे रेल नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है, जिससे राज्य में रेल कनेक्टिविटी को मजबूत आधार मिल रहा है और यात्रियों को तेज, सुरक्षित व सुविधाजनक यात्रा की सुविधा उपलब्ध हो रही है।

सरकार ने यह भी बताया कि बीते वर्षों में उत्तर प्रदेश में रेलवे के बजट आवंटन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। जहां वर्ष 2009 से 2014 के बीच रेल परियोजनाओं के लिए औसतन 1,109 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष का आवंटन किया जाता था, वहीं वर्ष 2025-26 में यह बढ़कर लगभग 19,858 करोड़ रुपये हो गया है, जो लगभग 18 गुना वृद्धि को दर्शाता है।

रेल मंत्री ने बताया कि 2009-14 की अवधि में प्रदेश में 996 किलोमीटर नई रेल लाइनों की कमीशनिंग हुई थी, जबकि वर्ष 2014-25 के दौरान यह आंकड़ा बढ़कर 5,272 किलोमीटर तक पहुंच गया है। इस दौरान प्रति वर्ष औसतन 479 किलोमीटर नई रेल लाइन शुरू की गई, जो पहले की तुलना में दोगुने से भी अधिक है।

1 अप्रैल 2025 तक उत्तर प्रदेश में कुल 49 रेल परियोजनाएं स्वीकृत हैं, जिनकी कुल लंबाई 3,807 किलोमीटर और अनुमानित लागत 62,360 करोड़ रुपये है। इनमें से 1,323 किलोमीटर रेल लाइन का कार्य पूरा होकर परिचालन शुरू हो चुका है और अब तक 30,611 करोड़ रुपये का व्यय किया जा चुका है।

रेल मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि किसी भी रेल परियोजना की मंजूरी और उसके पूर्ण होने में भूमि अधिग्रहण, वन स्वीकृति, विभिन्न कानूनी अनुमतियां, क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, कानून व्यवस्था और उपलब्ध निधियों जैसे कई कारक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन कारणों से परियोजनाओं की लागत और समय-सीमा प्रभावित होती है।


बहराइच-जरवल रोड नई रेल लाइन की डीपीआर तैयार हो जाने से इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को अब नई गति मिली है। इसके पूर्ण होने पर पूर्वी उत्तर प्रदेश की रेल कनेक्टिविटी को मजबूत आधार मिलेगा और आम जनता को तेज, सुरक्षित व सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा।

### 50 आईएएस अफसरों का प्रमोशन

# नीतीश सरकार ने 17 डीएम को दी प्रोन्नति

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

बिहार की नीतीश सरकार ने बुधवार को 50 आईएएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) अधिकारियों को प्रमोशन दिया है। इनमें 1996 बैच के दो आईएएस को शीर्ष वेतनमान, तीन आईएएसको उच्च प्रशासनिक ग्रेड के तहत प्रधान सचिव स्तर, 28 अफसरों को विशेष सचिव और 17 को अपर सचिव ग्रेड में प्रोन्नति दी गई है। इनमें 17 जिलों के डीएम भी शामिल हैं।




केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात 1996 बैच के भारतीय विमानपतन प्राधिकरण के अध्यक्ष विपिन कुमार और सीबीएसई के अध्यक्ष राहुल सिंह को शीर्ष वेतनमान में प्रोफार्मा प्रोन्नति दी गई है। प्रधानमंत्री कार्यालय में तैनात 2001 बैच के श्रीधर चेरिबोलू को उच्च प्रशासनिक ग्रेड के तहत प्रधान सचिव स्तर में प्रोन्नति मिली है।

2001 बैच के कोसी प्रमंडल के आयुक्त राजेश कुमार और बिहार शिक्षा परियोजना के निदेशक मयंक वरवड़े को उच्च प्रशासनिक ग्रेड में प्रमोशन मिला है। 2013 बैच बिहार कैडर के 27 आईएएस अधिकारियों को विशेष सचिव स्तर में प्रोन्नति मिली है। इनमें 9 जिलों के डीएम भी शामिल हैं।

### राज्यपाल के अभिभाषण में अटका माइक

# नीतीश सरकार के अफसर बिहार विधानसभा में तलब



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

बिहार विधानसभा में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के अभिभाषण के दौरान माइक के अटकने पर स्पीकर प्रेम कुमार ने सख्त रवैया अपनाया है। विधानसभा अध्यक्ष ने नीतीश सरकार के अफसरों को तलब करते हुए 24 घंटे के भीतर भवन निर्माण विभाग से इसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। उन्होंने एक दिन में इसकी रिपोर्ट मांगी है। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने इस घटना पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बुधवार को कहा कि इस मामले में जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने इस संबंध में गुरुवार को भवन निर्माण विभाग के वरीय अधिकारियों को भी तलब किया है।

इसके पहले स्पीकर ने इस मामले में सख्त रूख अपनाते हुए विधानसभा की प्रभारी सचिव और अन्य संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में ही उन्होंने प्रभारी सचिव को इस व्यवधान के लिए दोषी की पहचान कर उनपर सख्त से सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। प्रेम कुमार ने कहा कि विधानसभा से जुड़ी किसी भी व्यवस्था में कोई कोताही किसी भी सूरत में नहीं बरती जाएगी। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# आईआईएम रोड से 7 किमी और आगे बढ़ेगा ग्रीन कॉरिडोर का दायरा

## नैमिष नगर योजना तक जाने से मिलेगी बेहतर कनेक्टिविटी

**अमन लेखनी समाचार**




**लखनऊ।** नैमिष नगर योजना को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए, ग्रीन कॉरिडोर का दायरा बढ़ाया जाएगा। इसे आईआईएम रोड से 7 किलोमीटर आगे नैमिष नगर योजना तक बढ़ाया जाएगा। इस विस्तार का उद्देश्य सीतापुर रोड पर प्रस्तावित इस बड़ी आवासीय परियोजना को शहर के अन्य हिस्सों से सुगम तरीके से जोड़ना है।

परियोजना से जुड़े अधिकारी ने बताया कि ग्रीन कॉरिडोर को आईआईएम रोड से लगभग 7 किलोमीटर आगे बढ़ाकर नैमिष नगर योजना तक ले जाया जाएगा। नैमिष नगर योजना को आईआईएम रोड पर बसंत कुंज योजना से जोड़ने के लिए 24 मीटर चौड़ी (लगभग 4 लेन) सड़क बनाई जाएगी। इस विस्तार से लखनऊ के उत्तरी हिस्से का विकास होगा और सीतापुर रोड, बीकेटी और आसपास के क्षेत्रों में यातायात सुगम हो जाएगा। कॉरिडोर के विस्तार के लिए दायरे में आ रहे गांव घैला, सरौरा, अलीनगर, सैदपुर गांव की भूमि अधिग्रहित का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है। यह प्रस्ताव आगामी होने वाली लखनऊ विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में स्वीकृति के लिए रखा जाएगा।

इस मार्ग के विकास से संबंधित कार्यों के लिए 200 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। एलडीए ने पहले ही नैमिष नगर योजना के लिए भूमि अधिग्रहण शुरू कर दिया है, जिसमें 18 गांवों की लगभग 1084 हेक्टेयर भूमि शामिल है। यह विस्तार नैमिष नगर योजना के लिए एक महत्वपूर्ण है जिससे शहर के भीतर यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा। इसके साथ ही ग्रीन कारिडोर को अब लखनऊ महायोजना 2031 में शामिल कर लिया गया है। लखनऊ महायोजना 2031 में गोमती तट पर प्रस्तावित पुराने बंधे का ही उल्लेख रहा है। साथ ही बंधे से 200 मीटर तक निर्माण न होने की बाधा रही है। इसके अलावा कई जगह पर नदी का किनारा तय न होने से आवास, दुकान आदि के नक्शा स्वीकृत नहीं हो पा रहे थे। प्रदेश सरकार ने ग्रीन कारिडोर को ही सरेंखण यानी सीमा रेखा मानते हुए लखनऊ महायोजना 2031 में संशोधन करने के लिए सुझाव व आपत्तियां मांगी थी। तय समय तक आपत्तियां न आने के बाद मंजूरी के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन पी गुरुप्रसाद की ओर से जारी आदेश में उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 13 की उपधारा दो में दी गई शक्ति का प्रयोग करके राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने ग्रीन कारिडोर को ही गोमती नदी की नई सीमा रेखा तय किया है। उन्होंने लखनऊ महायोजना 2031 में संशोधन करने की अनुमति देने का आदेश जारी कर दिया है।

## 25 प्रतिशत पैसा जमा करने पर फ्लैटों का मिलेगा कब्जा

**लखनऊ।** माफिया मुख्तार अंसारी के कब्जे से खाली कराई गई जमीन पर बने फ्लैटों के आवंटियों को जल्द कब्जा मिलेगा। इससे पहले आवंटियों को कुल कीमत का 25 प्रतिशत पैसा जमा करना होगा, इसके बाद ही प्राधिकरण कब्जा देगा। आवंटी प्रक्रिया पूरी करने के बाद रहना शुरू कर सकते हैं। गरीबों के लिए फ्लैटों का निर्माण दिसंबर 2023 में शुरू हुआ था। दो साल में डालीबाग में 2314 वर्गमीटर भूमि पर एलडीए ने आवासीय योजना तैयार कराई। ग्राउंड प्लस थ्री स्ट्रक्चर के तीन ब्लाक में 36.65 वर्गमीटर क्षेत्रफल के 72 फ्लैट बनाए गए थे। ईडब्ल्यूएस श्रेणी के फ्लैटों की कीमत 10.70 लाख रुपये है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पांच नवंबर को डालीबाग में सरदार पटेल आवासीय योजना के तहत लाटरी में चयनित गरीबों को आवंटन पत्र सौंपा था। 72 दुर्बल आय वर्ग के लोगों को आवास का आवंटन हो गया लेकिन, चयनित आवंटी ही गृह प्रवेश कर सके थे, मगर फीनिशिंग कार्य न होने से रजिस्ट्री आदि की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई थी। सरदार पटेल योजना डालीबाग के सभी फ्लैटों का आवंटन हो चुका है।

# यूपी के सेमीकंडक्टर ईकोसिस्टम को आगे बढ़ाने के लिए प्रमुख क्षेत्रों की पहचान



**लखनऊ।** भारत के तेजी से बढ़ते इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग में उत्तर प्रदेश को एक राष्ट्रीय शक्ति बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए आईईएसए और सेमी इंडिया के प्रेसिडेंट अशोक चांडक और आईईएसए ईसी सदस्य विवेक त्यागी ने बुधवार को एक निजी कार्यक्रम में यूपी ग्रोथ रोडमैप पेश किया। यह रोडमैप सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा को कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में सौंपा गया। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के संयुक्त सचिव सुशील पाल और उ.प्र. सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी के प्रधान सचिव अनुराग यादव भी मौजूद थे। इसमें एसोसिएशन की रणनीतिक सिफारिशों के बारे में बताया गया है, ताकि उत्तर प्रदेश को इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर के लिए भारत के शीर्ष संभावनाशील केन्द्रों में से एक बनाया जा सके। अशोक चांडक और विवेक त्यागी ने इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुशील कुमार शर्मा के साथ मुलाकात भी की, जिसमें भविष्य में सहयोग और आगे की कार्रवाई के लिए विशेष क्षेत्रों की पहचान की गई। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री सुशील पाल ने सम्मिट में एक जानकारी भरी बातचीत के दौरान ईएसडीएम सेक्टर की मौजूदा स्थिति पर रोशनी डाली और उद्योग वृद्धि में तेजी लाने वाली सरकारी कोशिशों के बारे में बताया। उद्योग परिदृश्य एवं राज्य की स्थिति के बारे में जानकारी देते हुये बताया गया कि हाल ही में हुए सेमीकॉन इंडिया में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को एक फुल-स्टैक सेमीकंडक्टर देश बनाने का आह्वान किया था। बैक एंड मैन्युफैक्चरिंग से आगे बढ़कर पूरे ईकोसिस्टम की क्षमताओं तक, देश ने डिजिटल बदलाव की ओर एक बड़ा बदलाव दिखाया हैय इस ट्रिलियन-डॉलर इंडस्ट्री में भारत एक अहम खिलाड़ी के तौर पर उभर रहा है। अशोक चांडक ने कहा कि मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और औद्योगिक समन्वय के साथ, राज्य चिप्स, डिजाइन और एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक्स में भारत के भविष्य की अगुआई करने की स्थिति में है। उ.प्र. की मौजूदा ईकोसिस्टम की ताकत जिसमें डिजाइन सेंटर, ईएमएस बेस, कम्पोनेंट की संभावना और जीसीसी की बढ़ती मौजूदगी शामिल है। मैन्युफैक्चरिंग, चिप डिजाइन, एटीएमपी ओएसएटी, स्ट्रेटेजिक इलेक्ट्रॉनिक्स और एडवांस्ड कम्पोनेंट्स में उ.प्र. के लिए उच्च प्रभाव वाले अवसर है।

## छोटी घटनाओं को भी गंभीरता से लें, प्रशिक्षु अफसरों को प्रमुख सचिव गृह ने दी नसीहत

**लखनऊ।** लोकभवन में 23 प्रशिक्षु आईपीएस अफसरों ने बुधवार को प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद से मुलाकात की। इस दौरान प्रमुख सचिव गृह ने नसीहत दी कि छोटी-छोटी घटनाओं में भी पुलिस अफसरों को मौके पर जरूर जाना चाहिए। गंभीरता से लेना चाहिए। इससे कई बार घटना बड़ा रूप नहीं ले पाती है। साथ ही कहा कि प्रशिक्षु अफसरों को अपनी बेहतर कार्यशैली और संवाद से नागरिकों में बेहतर छवि बनाने का प्रयास करना चाहिए। वहीं 23 प्रशिक्षु आईपीएस अफसरों ने डीजीपी से भी मुलाकात की। इस दौरान डीजीपी ने कई नसीहतें दीं।

संजय प्रसाद ने कहा कि जनसुनवाई में आने वाले फरियादियों से विनम्र व्यवहार करना चाहिए। साथ ही अपने कार्यालय में समय से जरूर बैठना चाहिए। इससे पुलिस की छवि पर अच्छा असर पड़ता है। प्रमुख सचिव गृह से मिलने वाले प्रशिक्षु अफसरों में अभय राजेन्द्र, अंजना दहिया, अंकित बंसल, बजरंग प्रसाद, दिक्शा भोरिया, दिनेश गोदारा, ईश्वर लाल गुज्जर, सुमेधा मिलिंद, जयबिन्द कुमार गुप्ता, कनिष्क आर जामकर, मानशी, मो. आफताब आलम, प्रदीप कुमार, प्रेमसुख दरिया, एस. दीप्ती चैहान, समयक चैधरी, संचित शर्मा, सारिका चैधरी, श्लोक गौतम, सृष्टि जैन, शुभम जैन, सिमरन सिंह व विनय यादव शामिल रहे। इस मौके पर एडीजी प्रशिक्षण बीडी पालसन तथा विशेष सचिव गृह राकेश कुमार मालपानी, महेन्द्र व मंजूलता सिंह भी मौजूद रहीं।

# डीएम ने बीएलओ और मतदाता से किया बातचीत

**अमन लेखनी समाचार**



**लखनऊ।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी द्वारा विधानसभा-175 लखनऊ कैंटोनमेंट के विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण करते हुए गणना प्रपत्रों का कलेक्शन और फीडिंग की प्रगति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने बापू बाल शिक्षा केंद्र ऐशबाग के बूथ 12, 13, 14, 15 एवं शिवप्रसाद संस्कृत महाविद्यालय के बूथ संख्या 250, 251, 252, 253 एवं 254 का स्थलीय निरीक्षण कर निर्वाचन संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। तत्पश्चात उन्होंने निरीक्षण करते हुए गणना प्रपत्र के कलेक्शन और फीडिंग की प्रगति का जायजा लिया। बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) द्वारा अवगत कराया की मतदाताओं द्वारा विधिवत रूप से भरे गए गणना प्रपत्र को बीएलओ के पास वापस जमा करने की प्रक्रिया चल रही है। जमा किए जा रहे फॉर्म का डिजिटाइजेशन कार्य भी बीएलओ द्वारा समानांतर रूप से किया जा रहा है। बीएलओ को निर्देश दिया गया है कि वे फॉर्म भरने में मतदाताओं को आने वाली किसी भी शंका या संदेह का तत्काल समाधान करें। साथ ही ईआरओ को निर्देशित किया कि सप्लाई इंस्पेक्टर, एडीओ पंचायत, कोटेदार को बीएलओ के साथ फील्ड में लगाकर गणना प्रपत्रों का कलेक्शन कराना सुनिश्चित किया जाए। सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने गणना प्रपत्र को जल्द से जल्द भरकर अपने संबंधित बीएलओ के पास जमा कर दें।

**मतदान केन्द्र पर भी मतदाता सूची में आनलाईन देखे नाम :** मतदान केन्द्र पर बैठे बीएलओ भी मतदाता सूची में आनलाईन नाम दिखा सकते है। इसके लिए मतदान बूथ पर आपको जाना पड़ेगा और नाम और जन्मतिथि बताना पड़ेगा। सरकारी प्राथमिक स्कूल पर या किसी भी बूथ पर बीएलओ से अपनी सूची मे नाम देखने के लिए कह सकते है। ऐसे में बीएलओ आपको नाम नही दिखाता है तो आप एप के माध्यम से भी अपना नाम 2003 की लिस्ट मे देख सकते है।

## अलीगंज में ऑटो केयर पर 10 हजार जुर्माना

**लखनऊ।** नगर निगम टीम ने बुधवार को अलीगंज वार्ड, सेक्टर बी और चांदगंज गार्डेन क्षेत्र में गंदगी, कबाड़ को देखा। इस पर ऑटो केयर पर तगड़ा जुर्माना लगाया गया। जोनल सेक्रेटरी आफिसर मनोज यादव ने जांच में पाया कि अवध ऑटो केयर (गैराज) के परिसर के बाहर बड़ी मात्रा में कबाड़, खराब वाहन और स्क्रैप सामग्री फुटपाथ पर फैली हुई थी। इस कारण फुटपाथ के साथ नाली की सफाई बाधित हो रही थी। गंदगी बढ़ने के साथ क्षेत्रवासियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय नागरिकों की ओर से इस संबंध में लगातार शिकायतें भी दर्ज कराई जा रही थीं। नियमों के उल्लंघन के मद्देनजर नगर निगम ने अवध ऑटो केयर पर ?10,000 का जुर्माना लगाया। इसे तीन दिवस के भीतर नगर निगम, जोन-03 कार्यालय में जमा कराने का निर्देश दिया गया है। नगर निगम ने संचालक को यह भी निर्देशित किया है कि आगे से अपने परिसर के कचरे का निस्तारण केवल लखनऊ स्वच्छता अभियान से संचालित अधिकृत वाहनों को ही सौंपें।

## छेड़छाड़, अश्लील फोटो वायरल करने का आरोप, दो लोगों पर मुकदमा दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र में एक गांव निवासी युवती के साथ छेड़छाड़ कर उसकी अश्लील फोटो बनाकर गांव में वायरल करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित पिता के मुताबिक करीब एक माह पहले उनकी बेटी खेत से घर लौट रही थी, तभी गांव का ही युवक लववीर उर्फ. राकेश पाल ने उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी ने अपने परिजनों को बुलाकर पीड़ित परिवार के साथ गाली-गलौज और मारपीट भी की। आरोप है कि घटना के बाद से लववीर लगातार पीड़ित परिवार को धमका रहा है। परिजनों का कहना है कि आरोपी ने युवती व परिवार की महिलाओं की अश्लील फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी तथा गांव के कुछ लोगों को आपत्तिजनक तस्वीरें भी भेजीं। इससे पूरा परिवार भयभीत है। इस संबंध में मलिहाबाद थानाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश जारी है और शीघ्र ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## छेड़छाड़ और मारपीट में महिला व परिजन घायल, आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला के साथ अभद्रता, जातिसूचक टिप्पणियाँ, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी राधेलाल ने बदनीयती से उसका हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शोर मचाने पर आरोपी राधेलाल के परिजन—रजनू, सचिन और सुमन पत्नी रजनू—भी मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि सभी ने मिलकर पीड़िता के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। विवाद के दौरान पीड़िता के देवर को भी पीटा गया, जिसमें वह घायल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़िता सहित अन्य घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया। माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़िता की तहरीर के आधार पर एससी/एसटी एक्ट की धाराओं सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

# लेसा की वर्टिकल व्यवस्था में विभिन्न जोन में हुए उपभोक्ता के समस्याओं के समाधान

**अमन लेखनी समाचार**



**लखनऊ।** वर्टिकल व्यवस्था के तहत जानकीपुरम जोन के स्थापित 4 नंबर हेल्प डेस्क उपकेंद्र जीपीआरए, जीएसआई, महानगर एवं बीकेटी (साढामऊ) में शिकायत दर्ज कराने वाले उपभोक्ताओं को लागू विधुत बिल राहत योजना के बारे में बताया गया तथा 2000 रुपए जमा करके प्रथम चरण मे पंजीकरण कराने से अत्याधिक लाभ लेने प्रेरित किया गया तथा जीपीआरए उपकेंद्र पर बिजली बिल राहत योजना के कैंप का आयोजन किया गया। उपभोक्ताओं द्वारा पंजीकरण कराया गया तथा विजली चोरी में 3 पंजीकरण हुए। कुल 7 पंजीकरण हुए। हेल्प डेस्को पर 123 शिकायते प्राप्त हुई बिल संसोधन की 33 शिकायतों का निस्तारण किया गया। झटपट पोर्टल पर आज 50 नये संयोजन में तकनीकी आख्या अपलोड की गयी, झटपट पोर्टल पर 662 में तकनीकी आख्या अपलोड की जा चुकी है। आज सोलर के 36, भार बृद्धि के 10, नाम परिवर्तन के 15 तथा 8 स्थायी विच्छेदन की शिकायतों का निस्तारण किया गया।

बिल संबंधी शिकायतो के फीडबैक हेतु उपभोक्ता आफताब हुसैन निवासी कुर्सी रोड लखनऊ तथा श्री सौरभ निवासी डालीगंज द्वारा दूरभाष पर वार्ता की गई तो उनके द्वारा संतुष्टि व्यक्त की गई तथा हेल्प डेस्क महानगर में आई विद्युत आपूर्ति संबंधी शिकायत में उपभोक्ता मुकेश कुमार निवासी कपूरथला तथा बीकेटी हेल्पडेस्क पर प्राप्त शिकायत रामसनेही निवासी राजापुरवा बीकेटी से फीडबैक लिया गया तो उनके द्वारा कम समय आपूर्ति चालू होने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा आभार व्यक्त किया गया। अमौसी क्षेत्र, लखनऊ में वर्टिकल व्यवस्था के अन्तर्गत उपभोक्ताओं को बेहतर एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने 1912 हेल्पडेस्क का संचालन सुचारू रूप से किया जा रहा है। अमौसी क्षेत्र, लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 7 हेल्पडेस्क सक्रिय रूप से कार्यरत रहें, जिनके माध्यम से उपभोक्ताओं द्वारा प्राप्त शिकायतों का पंजीकरण एवं निस्तारण किया गया।

# कर्मचारी इलेक्ट्रिसिटी बिल के विरोध में आर-पार के संघर्ष के लिए तैयार

**अमन लेखनी समाचार**




**लखनऊ।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में एक साल से अधिक से चल रहे आंदोलन को और तेज करने के लिए आगामी 7 दिसंबर को लखनऊ में एक बड़ी मीटिंग होगी। इस मीटिंग में आंदोलन के कार्यक्रमों की घोषणा की जायेगी। संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा ने भी बिजली के निजीकरण, इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 और प्रीपेड मीटर के विरोध में संघर्ष का मोर्चा खोल दिया है। किसान मजदूर मोर्चा के आह्वान पर 5 दिसंबर को और संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 8 दिसंबर को बड़े आंदोलन का ऐलान किया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजनाओं के संघर्ष समिति के संयोजकों और सह संयोजकों की मीटिंग 7 दिसम्बर को लखनऊ में हो रही है। उन्होंने बताया कि इस मीटिंग में संघर्ष समिति के सभी घटक श्रम संघों और सेवा संगठनों के शीर्ष केन्द्रीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। संघर्ष समिति ने बताया कि विगत एक वर्ष में प्रबंधन ने आंदोलन के फलस्वरूप बिजली कर्मियों पर लगातार उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां की है और प्रबंधन ने ऊर्जा निगमों में अघोषित आपातकाल लागू कर रखा है। मुख्यतया अत्यंत अल्प वेतन भोगी 25 हजार से ज्यादा संविदा कर्मियों को नौकरी से निकल गया है, हजारों की संख्या में बिजली कर्मियों को दूरस्थ स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है, फेशियल अटेंडेंस के नाम पर महीनों तक वेतन रोका गया है, संघर्ष समिति के पदाधिकारियों पर फर्जी एफ आई आर दर्ज की गई है, बिजली कर्मियों और पेंशनरों के घरों पर जबरदस्ती प्रीपेड मीटर लगाकर एक्ट के तहत मिल रही रियायती बिजली की सुविधा समाप्त करने की कुचेष्टा की जा रही है, रिस्ट्रक्चरिंग कर हजारों की संख्या में पदों को समाप्त किया जा रहा है आदि आदि।

## रेलवे कर्मचारी ने फंदे से लटक गवाई जान,

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित रेलवे बीजी कालोनी मे रहने वाले 55 वर्षिय रेलवे कर्मचारी ने अपने कमरे मे मकान की छत में लगे पंखे मे गमछे के सहारे फासी लगा आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह कन्ट्रोल नम्बर की जानकारी पर पहुंची स्थानीय आलमबाग पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकिन पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया 55 वर्षिय हरिश्चंद्र श्रीवास्तव पुत्र स्व0 प्यारेलाल रेलवे कर्मचारी थे और थाना क्षेत्र स्थित वी जी रेलवे कॉलोनी मे रहते थे।बुधवार सुबह कन्ट्रोल नम्बर की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नही मिला है।

# सड़क हादसे में डीसीएम की टक्कर से नौवीं का छात्र घायल

**अमन लेखनी समाचार**



घायल अवस्था में छात्र – फोटो

लखनऊ। साइकिल से सवार होकर विद्यालय पढ़ने जा रहे छात्र को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डीसीएम ने टक्कर मार दी। जिससे छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मवई कला निवासी जगमोहन के पुत्र शनि 14 वर्ष बुधवार सुबह साइकिल से सवार होकर रहीमाबाद में स्थित एक विद्यालय में पढ़ने जा रहा था तभी रहीमाबाद दरोगा चक्की के पास हरदोई लखनऊ राजमार्ग सर्विस लाइन पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डीसीएम ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसके पैर में गंभीर चोट पहुंची सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में नौवीं के छात्र को अशोका हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन सहित चालक प्रेम कुमार को दबोच कर पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जनेश्वर मिश्र पार्क का बहुउद्देशीय समारोह स्थल होगा अपग्रेड

## एलडीए को प्रतिवर्ष होगी 3 करोड़ 21 लाख रुपए की आय

**अमन लेखनी समाचार**

- **समारोह स्थल बुक कराने वाले लोगों को मिलेंगी पहले से अधिक सुविधाएं**

**लखनऊ।** गोमती नगर विस्तार स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क का बहुउद्देशीय समारोह स्थल अपग्रेड होगा। इससे यहां विवाह समारोह आदि के लिए बुकिंग कराने वाले लोगों को पहले से अधिक और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही प्राधिकरण को समारोह स्थल से प्रतिवर्ष 3 करोड़ 21 लाख रुपये की आय होगी, जोकि पहले से तीन गुना अधिक है।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नंबर-5 के निकट लगभग 3 लाख वर्गफिट क्षेत्रफल में बहुउद्देशीय समारोह स्थल पूर्व से निर्मित है। जोकि, वर्ष 2016 से शादी समारोह एवं इवेंट आदि के लिए बुकिंग पर दिया जाता है। यहां 10 हजार मेहमानों व 3 हजार से अधिक गाड़ियों की पार्किंग की क्षमता है। इसकी एक दिन की बुकिंग का शुल्क 3 लाख 45 हजार 50 रुपए है। बुकिंग कराने वाले लोगों को टेंट, डेकोरेशन, लाइटिंग व कैटर्स आदि की व्यवस्था अलग से करनी पड़ती है। जिसमें कम से कम 50 लाख रुपये तक का खर्च आता है। लोगों द्वारा लंबे समय से मांग की जा रही थी कि लॉन के साथ-साथ टेंट, लाइटिंग, डेकोरेशन आदि की व्यवस्था भी पैकेज के रूप में प्रदान की जाए, जिससे उन्हें निर्धारित बजट में बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

इसे ध्यान में रखते हुए बहुउद्देशीय समारोह स्थल को जन सामान्य के लिए प्रभावी एवं व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए आरएफपी आमंत्रित की गयी। जिसके माध्यम से शशि इन्फ्राकंस्ट्रशन प्रा.लि. को यह समारोह स्थल संचालन व अनुरक्षण के लिए दिया गया है। कंपनी की ओर से प्रतिवर्ष 3 करोड़ 21 लाख रुपये प्राधिकरण को दिये जाएंगे, जोकि जनेश्वर मिश्र पार्क के कोष में जमा होंगे। अभी तक प्राधिकरण को समारोह स्थल से प्रतिवर्ष 75 लाख से 01 करोड़ तक की आय होती थी जोकि, नये अनुबंध से तीन गुना अधिक हो जाएगी। समारोह स्थल में किसी भी तरह का कोई निर्माण कार्य नहीं कराया जाएगा, जिससे हरित क्षेत्र को किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा।

कंपनी की ओर से बहुउद्देशीय समारोह स्थल को पूर्व की भांति लॉन के रूप में ही प्रयोग में लाया जाएगा। लॉन की बुकिंग करने के साथ-साथ कंपनी लोगों को टेंट, सजावट व कैटरिंग आदि की सेवाएं भी निर्धारित बजट में प्रदान करेंगी। समारोह स्थल के व्यवस्थित संचालन से जहां एक ओर आम लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। वहीं, दूसरी ओर क्षेत्र में अनुरक्षण व साफ-सफाई की व्यवस्था अपग्रेड होगी।

# सीवर कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

**अमन लेखनी समाचार**



**लखनऊ।** शहर में सीवर संचालन और एसटीपी प्रबंधन कार्य के दौरान शून्य गंभीर और घातक दुर्घटनाओं की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सुएज की ओर से एक विशेष सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम जोन-6 के पोर्टा केबिन और दौलतगंज एसटीपी पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को यह जागरूक करना था कि किसी भी कार्य को शुरू करने से पहले सभी मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए। कार्यक्रम में कर्मचारियों को सुरक्षा दिशानिदेर्शों का पालन करने पर जोर दिया गया।

सुएज ने अपने कर्मचारियों को कार्य के दौरान सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संदेश दिया है। संस्था ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि मैनहोल में प्रवेश पूरी तरह निषेध है, सिर्फ मानक संचालन प्रक्रिया के तहत ही अनुमति दी जाएगी। कंपनी ने यह भी कहा है कि वैध कार्य परमिट के बिना कोई भी कार्य शुरू नहीं किया जाएगा, और पर्यवेक्षक अपने वार्ड में हो रहे सभी कार्यों के लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।

सफाई कार्य से पहले मल्टी-गैस डिटेक्टर से गैस परीक्षण अनिवार्य किया गया है ताकि किसी भी दुर्घटना की संभावना को रोका जा सके। साथ ही, सभी घटनाओं की तत्काल रिपोर्टिंग, असुरक्षित कार्यों को रोकने और उन पर आवाज उठाने पर भी बल दिया गया। सुएज के परियोजना निदेशक राजेश मठपाल ने कहा सीवर सफाई और एसटीपी संचालन में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी कार्य से पहले सभी कर्मियों को वैध कार्य परमिट लेना, गैस परीक्षण करना और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण पहनना अनिवार्य है। हम ऐसी संस्कृति बनाना चाहते हैं जहाँ कर्मचारी बिना किसी भय के अपनी सुरक्षा चिंताएं साझा करें और असुरक्षित कार्यों को रोकने में आगे आएँ। सुरक्षा केवल नियम नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी है। इस कार्यक्रम में सुएज के परियोजना निदेशक राजेश मठपाल, ऑपरेशन इंचार्ज धर्मेंद्र भारती, नेटवर्क इंचार्ज रजनीश शर्मा, और हेल्थ एंड सेफ्टी इंचार्ज पंकज सिंह उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### मधुमक्खियां के झुण्ड ने बाप- बेटे पर किया हमला, दोनों घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के ग्राम नगहरी निवासी रमेश चंद्र मिश्र 80 वर्ष पुत्र मुखराम मिश्र अपने बेटे मनोज मिश्र के साथ आज बुधवार की सुबह अपने खेत में काम कर रहे थे। तभी अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने बाप-बेटे पर हमला कर उन्हें अपने जहरीले डंक से गंभीर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन उन्हें यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने घायल बाप-बेटे का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देखकर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### मकान की छत से नीचे गिरने से मासूम घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रबड़ी निवासी राजाबाबू के अबोध बेटे लकी 02 वर्ष को लेकर परिजन आज बुधवार की सुबह अपने मकान की छत पर बैठे धूप सेंक रहे थे। तभी लकी खेलते-खेलते अचानक छत के किनारे जा पहुंचा और असंतुलित होकर नीचे जमीन पर आ गिरा। हादसे में मासूम गंभीर घायल हो गया। परिजन आनन-फानन घायल मासूम को लेकर यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के कुईथर गांव में 28 वर्षीय महिला पार्वती ने संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली। घटना मंगलवार शाम करीब चार बजे की है, जब वह घर पर अकेली थीं। पार्वती ने घर का मुख्य दरवाजा बंद कर गैलरी में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। घर में मौजूद उनके दो साल के छोटे बेटे यश के रोने की आवाज सुनकर खेत से लौट रहे देवर शुभम ने दरवाजा खटखटाया। कोई जवाब न मिलने पर शुभम बगल के घर से कूदकर अंदर पहुंचे। शुभम ने अपनी भाभी को फंदे पर लटका देखा और तुरंत नीचे उतारा। वह उन्हें निजी वाहन से नवाबगंज सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने पार्वती को मृत घोषित कर दिया। मृतका के पति सूरज अमृतसर में निजी नौकरी करते हैं। घटना के समय उनकी सास माया देवी मृतका के पांच साल के बड़े बेटे रियांश के साथ गांव की बाजार में सब्जी बेचने गई थीं। थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एसआईआर कार्य समय पर पूर्ण करने पर लेखपाल को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार




सफीपुर, उन्नाव। तहसील सफीपुर में विशेष प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण (SIR) अभियान के तहत समय से पहले शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर लेखपाल सुश्री आस्था को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एसडीएम शिवेंद्र वर्मा तथा तहसीलदार देवेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। अधिकारियों ने कहा कि समयबद्धता और जिम्मेदारी के साथ किया गया कार्य प्रशासन की कार्यकुशलता को मजबूत करता है और अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है। तहसीलदार देवेंद्र सिंह ने लेखपाल आस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य को निर्धारित समय से पहले पूरा करना अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने बताया कि ऐसे कर्मचारी प्रशासन की रीढ़ होते हैं, जिनके कारण सरकारी अभियानों को सफलता मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि जो कर्मचारी समय पर और गुणवत्तापूर्ण कार्य कर रहे हैं, उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए तहसील प्रशासन लगातार प्रेरित और सम्मानित करता रहेगा। एसडीएम शिवेंद्र वर्मा ने कहा कि रकफ प्रक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके माध्यम से मतदाता सूची का सत्यापन सुनिश्चित होता है। उन्होंने लेखपाल आस्था को बधाई देते हुए कहा कि उनके कार्य से अन्य राजस्व कर्मचारियों का मनोबल भी बढ़ेगा। सम्मान समारोह के दौरान मौजूद कर्मचारियों ने भी आस्था को बधाई दी और उनके कार्य के प्रति समर्पण की सराहना की।

# अन्ना मवेशियों को पकड़ कर बाहर भेजने वाले आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

अमन लेखनी समाचार




पुरवा, उन्नाव। बेसहारा अन्ना मवेशियों को गौशाला भेजने और पालने के नाम पर इकट्ठा कर ट्रको पर लदवा कर गैर प्रांत में बेचने वाले गिरोह के लोगों को मैं मवेशियों सहित गिरफ्तार कर कोतवाली पुलिस ने जेल भेजने की कार्यवाही किया । क्षेत्र के मरूई गांव के पास से पुलिस ने बेसहारा मवेशियों को लेकर जा रहे चरवाहों को मुखबिर की सूचना पर पकड़ लिया।पुलिस की पूछताछ में आरोपितों ने अपना नाम रामसिंह,शंभू निवासी देवली,राजस्थान,अजय चौहान निवासी रानीपुरा थाना डवलाना, राजस्थान, किशन, हरी,भूरी निवासी बड़ौदिया थाना हिंडौली,राजस्थान बताया।पुलिस ने आरोपितों के पास से 72 गोवंश बरामद किए है।जिन्हें पास की अलग अलग गौशालाओं में भिजवाया है।वही उक्त आरोपितों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि उक्त लोग चारवाजोके रूप में गांव में जाते थे और किसानों को बहला फुसलाकर कर उनसे मवेशी ले लेते थे और तस्करी कर ट्रको पर लादकर बिहार बंगाल भेज देते थे उक्त सभी आरोपितों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# मार्ग दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। जिला हरदोई के थाना मल्लावां अंतर्गत ग्राम शिवाला पुरवा निवासिनी रूपरानी अपने पति राधाकृष्ण की बाइक से बांगरमऊ आ रही थी। तभी रास्ते में आज बुधवार को दोपहर बाद आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड पर स्थित ग्राम सिरधर पुर के सामने पीछे से तेज गति से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही पति-पत्नी और टक्कर मारने वाला बाइक चालक मोहित पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम हसनपुर मजरा थाना बांगरमऊ तीनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में एक बाइक का चालक राधाकृष्ण तो बाल-बाल बच गया। किंतु बाइक पर पीछे बैठीं उसकी पत्नी रूपरानी 30 वर्ष और दूसरी बाइक के चालक मोहित 25 वर्ष गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन दोनों घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की हालत नाजुक देखकर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।




# बहनों ने निकाली कलश यात्रा, युग बदलेगा हम बदलेंगे के लगाए नारे

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। नगर के मोहल्ला पश्चिम टोला स्थित मां आनंदेश्वरी मंदिर परिसर में आयोजित चार दिवसीय प्रज्ञा पुराण एवं गायत्री यज्ञ की शुरूवात से पूर्व भव्य कलश यात्रा नगर की गलियों से विचरण करते हुए पुनः मंदिर में आकर समाप्त हुई। हम बदलेंगे युग बदलेगा, हम सुधरेंगे युग सुधरेगा के गगन भेदी नारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया।हरिद्वार से आई यज्ञाचार्यों की टोली के मुख्य आचार्य जय सिंह वर्मा सहित अन्य वक्ता गायत्री परिजनों को प्रज्ञा पुराण की कथा के गूढ़ रहस्यों से अवगत कराएंगे।आचार्य रामशंकर ने बताया सुबह की पाली में यज्ञ होगा व दो दिन संस्कार कराए जाएंगे शाम की पाली में प्रज्ञा पुराण की कथा योग्य आचार्यों द्वारा सुनाई जायेगी।मुख्य आयोजक अधिवक्ता महेंद्र श्रीवास्तव ने कहा परम पूज्य गुरूदेव पंडित श्री राम शर्मा द्वारा लिया गया युग परिवर्तन का संकल्प पूर्ण करने का लक्ष्य लेकर हम सभी चल रहें है।परिवर्तन होकर रहेगा जरूरी है हम सब गुरुदेव के आमंत्रण को स्वीकार कर उनके कार्य में लगे रहें।उल्लेखनीय है कि सैकड़ों महिलाओं के सर पर कलश गुरुदेव व गुरुमाता के चित्रों के साथ मां गायत्री की प्रतिमा युक्त रथ भक्तिमय गीतों लब्ध संगीत ने नगर के वातावरण को महका दिया यात्रा का नेतृत्व गायत्री पीठ से आए आचार्य धनीराम,सरोज प्रजापति,रुक्मिणी ने किया। इस अवसर पर संतोष तिवारी,पंकज अग्निहोत्री, रंजीत लोधी, प्रांजल ,राजकुमार,संजय गुप्ता के अलावा नीलम गुप्ता,वंदना तिवारी, ज्योति, मनीषा पटेल,मंजुला श्रीवास्तव,कु खुशी, गोपी,नंदनी,आदि मौजूद रहीं।

# चालक को झपकी लगने से ट्रक डिवाइडर से टकराकर पलटा, यातायात बाधित

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवेपर चालक को झपकी लगने से अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में चालक परिचालक को मामूली चोट आई। किंतु ट्रक पलट जाने के कारण यातायात बाधित हो गया। यूपीडा रेस्क्यू टीम ने हाइड्रा से क्षतिग्रस्त ट्रक हटवाकर आवागमन बहाल कराया।राजस्थान के जिला भीलवाड़ा अंतर्गत ग्राम व थाना पंधेर निवासी चालक राजू लाल पुत्र बजरंगी लाल अपने परिचालक प्रधान पुत्र लालाराम निवासी सरकाउलास थाना धोनी जनपद टोंक राजस्थान के साथ ट्रक में प्लास्टिक दाना लादकर सूरत गुजरात से संडीला हरदोई जा रहा था। तभी रास्ते में बुधवार की सुबह करीब 8 बजे क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गांव गहरपुरवा के निकट चालक को अचानक झपकी लगने से ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक व परिचालक को मामूली चोट आई। किंतु ट्रक पलट जाने के कारण काफी देर तक यातायात बाधित रहा। सूचना पर पहुंची यूपीडा पेट्रोलिंग टीम ने घटनास्थल से ट्रक हटाकर आवागमन बहाल कराया। वही घायल चालक व परिचालक का स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार किया गया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की हुई दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के मढिया मऊ गांव में मंगलवार रात एक सड़क हादसे में संत लाल (42) पुत्र राजा राम की मौत हो गई। यह दुर्घटना बंथरा थाना क्षेत्र के पास उस समय हुई जब संत लाल किसी काम से जा रहे थे। उन्हें एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार, संत लाल देर शाम किसी काम से बंथरा क्षेत्र की ओर निकले थे। हाईवे पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि संत लाल मौके पर ही गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें सड़क पर पड़ा देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बुधवार को मोर्चरी हाउस में परिवार के सदस्यों ने बताया कि संत लाल अपने दो भाइयों में छोटे थे और उनकी एक बहन भी है। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है, और संत लाल ही अपने माता-पिता तथा परिवार के भरण-पोषण का एकमात्र सहारा थे। वे मजदूरी करके घर चलाते थे। इस आकस्मिक दुर्घटना से पूरा परिवार सदमे में है। गांव वालों ने बताया कि संत लाल शांत स्वभाव के और मेहनती व्यक्ति थे। वे रोजाना मजदूरी करके घर लौटते थे, लेकिन हादसे वाले दिन वे देर तक घर नहीं पहुंचे। परिवार उनकी चिंता कर रहा था, तभी पुलिस से उनके सड़क हादसे में निधन की सूचना मिली। पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश जारी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि वाहन की पहचान की जा सके। अधिकारियों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# स्वच्छ भारत मिशन की उड़ी धज्जियां सड़कों पर लगा कूड़े का ढेर




अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुरवा नगर पंचायत में स्वच्छता व्यवस्था चिंताजनक बनी हुई है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत चलाए जा रहे अभियानों के बावजूद, नगर की मुख्य सड़कें कूड़े के ढेर में बदल गई हैं। इस गंदगी के कारण स्थानीय निवासियों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कूड़े के ढेरों से लगातार दुर्गंध और प्रदूषण फैल रहा है, जिससे आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है। राहुल मोबाइल शॉप के मालिक भूपेंद्र कुमार ने इस समस्या पर सरकार से गंभीरता से ध्यान देने की अपील की। सूरज सौर ऊर्जा सेंटर के मालिक सूरज ने भी गंदगी की अत्यधिक मात्रा पर चिंता व्यक्त करते हुए नगर अधिकारियों से तत्काल सफाई कराने की मांग की। यह स्थिति मुख्य रूप से सफाई कर्मचारियों की कथित लापरवाही का परिणाम मानी जा रही है। यह समस्या केवल पुरवा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उन्नाव जिले में स्वच्छ भारत मिशन के तहत कई अन्य स्थानों पर भी इसी तरह की चुनौतियां सामने आ रही हैं।

# बालामऊ से कानपुर जाने वाली ट्रेन को कुछ माह के लिए किया गया रद्द

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। जनपद के दैनिक यात्रियों और व्यापारियों का सुविधाजनक साधन बालामऊ से कानपुर के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन को एक बार फिर बंद कर दिया गया है। रेलवे विभाग के अनुसार घने कोहरे के चलते संचालन अस्थायी रूप से रोकने का निर्णय लिया गया है। बालामऊ से चलकर कानपुर तक जाने वाली पैसेंजर ट्रेन जनपद की सीमा पर स्थित गंज मुरादाबाद सुबह करीब 7:45 तथा बांगरमऊ 8:00 बजे पहुंचती है। यहां से चलने के बाद पैसेंजर ट्रेन 9:45 बजे उन्नाव और 10:30 बजे कानपुर सेंट्रल पहुंच जाती है । इसलिये कोर्ट - कचहरी जाने वाले वकील , वादी व कानपुर जाने वाले व्यापारी इसी ट्रेन पर बैठकर सफर करना पसंद करते हैं । व्यापारियों और दैनिक यात्रियों का कहना है कि बेहद कम खर्चे में सुरक्षित सफर तय करने के लिए यही ट्रेन मुनासिब साधन है । जनपद मुख्यालय पर स्थित कोर्ट कचहरी के काम समय से निपट जाते हैं और समय से वापसी भी इसी ट्रेन से हो जाती है। कानपुर जाने वाले व्यापारियों के लिए भी यह ट्रेन किसी वरदान से काम नहीं है। यही नहीं इस क्षेत्र के दुग्ध उत्पादक भी इसी ट्रेन के सहारे अपना कारोबार कर रहे हैं। लेकिन अचानक एक बार पुनः बालामऊ पैसेंजर बंद हो जाने के चलते सबकी गाड़ी पटरी से उतरती नजर आ रही है।ट्रेन बंद होने से उन्नाव जाने वाले वादी , वकीलों , व्यापारियों व रोजाना आवाजाही करने वाले यात्रियों में नाराजगी देखी जा रही है। यात्रियों को अब वैकल्पिक यातायात साधन तलाशने पड़ रहे हैं। रेल से सफर करने वाले प्रिंस गुप्ता , सरफराज खान , चुन्नू गुप्ता , महेश कश्यप , रियाज खान व विनोद कुशवाहा आदि मुसाफिरों ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष से अन्य रेलवे लाइनों की तरह इस लाइन पर भी डेली पैसेंजर ट्रेन चलाने की मांग उठाई है।रेलवे ने यात्रियों से असुविधा के लिए खेद जताते हुए कहा है कि मौसम साफ होते ही ट्रेन का संचालन पुनः शुरू कर दिया जाएगा।

# एक ही मकान में मतदाता सूची में 45 लोग निकले फर्जी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नगर क्षेत्र में फर्जी मतदाताओं का एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसके बाद जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। कई दिनों से मिल रही शिकायतों के आधार पर जब प्रशासनिक टीम ने जांच की, तो यह चौंकाने वाला प्रकरण उजागर हुआ। यह मामला नगर के बूथ संख्या 200, मोहल्ला पूरन के मकान संख्या 57 का है। यहां मतदाता सूची में कुल 45 मतदाता दर्ज पाए गए थे। जांच टीम के मौके पर पहुंचने पर स्थिति पूरी तरह अलग निकली। इछड राजीव त्रिपाठी ने अपने फील्ड सत्यापन में पाया कि उक्त मकान में केवल 3 लोग ही वास्तव में रहते हैं, जबकि बाकी 42 नाम संदिग्ध हैं। मकान मालिक कमलेश कुमार ने भी स्पष्ट किया कि वे इन 42 लोगों को नहीं जानते और न ही उन्होंने उन्हें कभी इस मकान में आते-जाते देखा है। मकान मालिक की बात की पुष्टि आसपास के पड़ोसियों ने भी की। उनका कहना था कि सूची में दर्ज ये 42 लोग न कभी इस घर में रहे और न ही मोहल्ले में दिखाई दिए। इसके बाद यह मामला पूरी तरह से फर्जी प्रविष्टियों की ओर इशारा करता है। मामला सामने आते ही, जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर अएफड फहद मौके पर पहुंचे। उन्होंने इछड राजीव त्रिपाठी से विस्तृत पूछताछ की और सत्यापन दस्तावेजों की जांच की। इछड ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 45 नामों में से केवल 3 ही वास्तविक हैं, जबकि बाकी 42 नाम गलत तरीके से मतदाता सूची में दर्ज किए गए प्रतीत हो रहे हैं। अएफड फहद ने मौके पर मकान मालिक कमलेश कुमार और आस-पड़ोस के लोगों के बयान दर्ज किए। उन्होंने इस मामले को बेहद गंभीर बताया और कहा कि यह चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाता है। फहद ने जानकारी दी, पूरा प्रकरण संकलित कर विस्तृत रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। इसी आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी।

## माघ मेले को लेकर जिला प्रशासन ने शुरू की तैयारियां

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आगामी जनवरी माह में आयोजित होने वाले माघ मेले को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस बार श्रद्धालुओं को स्वच्छ और निर्मल गंगा जल उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन विशेष पहल कर रहा है। जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर गंगा में सीधे गिर रहे नालों को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए गए हैं। निदेशों पर अमल करते हुए नगर पालिका गंगाघाट ने बुधवार से नगर क्षेत्र के तीन बड़े नालों इंद्रा नगर, शक्ति नगर और मिश्रा कॉलोनी में बॉयोरेमिडिएशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। शुक्लागंज क्षेत्र में मिश्रा कॉलोनी से लेकर जाजमऊ चंदन घाट तक कई छोटे और बड़े नाले वर्षों से सीधे गंगा में गिरते रहे हैं, जिससे गंगा का जल प्रदूषित हो रहा था। पहले पालिका की ओर से इन नालों में बॉयोरेमिडिएशन के लिए टंकियां तो लगाईं गई थीं, लेकिन उनमें जीवाणु नष्ट करने वाले विशेष रसायनों का उपयोग नहीं किया जा रहा था। परिणामस्वरूप गंदा पानी बिना उपचार के ही गंगा में मिल रहा था।

# एडीओ पंचायत की अध्यक्षता में समन्वय समिति की बैठक आयोजित

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। विकास खंड में बुधवार को सहायक पंचायत अधिकारी छोटेलाल की अध्यक्षता में समन्वय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समिति का पुनर्गठन किया गया और सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। विकास खंड के ग्राम पंचायत अधिकारियों और ग्राम विकास अधिकारियों ने बड़ी संख्या में इसमें भाग लिया। बैठक के दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी सिद्धांत वर्मा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। उपस्थित अधिकारियों ने उनके नेतृत्व में समिति के मजबूत और सक्रिय रूप से कार्य करने का भरोसा जताया। इसी क्रम में ग्राम विकास अधिकारी शुभम वर्मा को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। उनके संगठनात्मक कौशल की सराहना की गई, उम्मीद है कि वे अधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करेंगे। अन्य नियुक्तियों में ग्राम विकास अधिकारी सर्वेश दीक्षित को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। आशीष मिश्रा को समिति का संरक्षक मनोनीत किया गया। मीडिया से समन्वय और सूचना संप्रेषण के लिए ग्राम विकास अधिकारी के. के. तिवारी को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का साथी कर्मचारियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। बैठक में ग्राम स्तरीय विकास कार्यों के सुचारू संचालन, समन्वय बढ़ाने तथा विभागीय समस्याओं के समाधान पर विस्तृत चर्चा हुई। अधिकारियों ने आपसी एकजुटता बनाए रखने, समयबद्ध तरीके से विकास कार्य निपटाने और जनता से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने पर बल दिया। सहायक पंचायत अधिकारी छोटेलाल ने बताया कि समिति का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर तक विकास योजनाओं को सुचारू रूप से लागू करना और अधिकारियों की समस्याओं को उच्च स्तर तक पहुंचाना है। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई, जिसमें अधिकारियों ने नवगठित समिति को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# चारपाई पर खून से लतपथ मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र में एक युवक का सड़ा-गला शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान मनोज के रूप में हुई है, जो बड़ौरा के मजरे मनोनगर में अकेला रहता था। ग्रामीणों ने बुधवार सुबह उसके घर का दरवाजा खुला देखा और अंदर चारपाई पर खून से लथपथ शव पाया। शरीर की सड़न को देखकर अनुमान है कि मौत करीब तीन दिन पहले हुई थी। पुलिस के अनुसार, मनोज के चेहरे पर नुकीले हथियार से कई गहरे घाव मिले हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि उसकी नृशंस हत्या की गई है। चारपाई के पास से एक लोहे की रॉड और शराब के कई खाली पैकेट भी बरामद हुए हैं। इन साक्ष्यों से आशंका जताई जा रही है कि हत्या से पहले घर में कोई विवाद या बैठक हुई होगी। मनोज की पत्नी शांति पिछले एक महीने से अपने मायके में रह रही थी, जिसके कारण वह घर पर अकेला था। इसी वजह से घटना का पता भी देर से चल पाया। मृतक की बहन राजदुलारी ने पुलिस को बताया कि उनकी मनोज से आखिरी बातचीत शुक्रवार को हुई थी। उसके बाद कई बार फोन करने पर भी संपर्क नहीं हो पाया था। बुधवार सुबह पड़ोसियों ने घर से तेज बदबू आने पर दरवाजा खोलकर देखा, तब इस वारदात का खुलासा हुआ। सूचना मिलते ही सीओ बीघापुर मधुपनाथ मिश्रा और अचलगंज थाना प्रभारी ब्रजेश शुक्ला पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की पड़ताल शुरू की। फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से महत्वपूर्ण नमूने एकत्र किए। प्राथमिक जांच में पुलिस जमीनी विवाद को हत्या की मुख्य वजह मान रही है। हालांकि, पुलिस अन्य संभावित बिंदुओं पर भी गहनता से जांच कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के सही समय, इस्तेमाल किए गए हथियार और हमले की प्रकृति के बारे में अहम जानकारी मिलने की उम्मीद है। इस वारदात के बाद गांव में दहशत का माहौल है और पुलिस हत्यारों की तलाश में कई संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

## सम्पादकीय

# नई एफआईआर से संदेश कानून से ऊपर कोई नहीं

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी और लोकसभा सांसद राहुल गांधी के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज हुई है। इस मामले ने एक बार फिर सियासी गलियारों में हलचल मचा दी। साथ ही संदेश भी दिया है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। गलत काम किया है तो जांच का सामना भी करना पड़ेगा। सजा भी भुगतनी होगी। इस मुद्दे को लेकर सत्तापक्ष हमेशा से ही कांग्रेस के खिलाफ मुखर रहा है। भाजपा शुरू से ही आरोप लगाती रही है कि कांग्रेस नेताओं ने बड़े-बड़े घोटाले किए हैं, देश को बर्बाद कर दिया और हजारों करोड़ का गोलमाल कर देश को पीछे धकेलने का काम किया है। अब ईडी की शिकायत पर दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा नई एफआईआर दर्ज करने से उनके आरोपों को और बल मिला है। इस मामले को लेकर सत्तापक्ष के नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी, सोनिया गांधी और गांधी-वाड्रा परिवार एक भ्रष्ट परिवार है। वे कानून से ऊपर नहीं हैं। अगर आरोप हैं, तो एजेंसियां उसी हिसाब से अपनी जांच करेंगी। उनका कहना है कि नई एफआईआर दस्तावेजों और सबूतों के गहन अध्ययन के बाद दर्ज की गई है। कार्रवाई किसी भी तरह बदले की भावना से नहीं हुई। अदालत स्वतंत्र और निष्पक्ष है। जब प्राप्त साक्ष्य मिलते हैं, तब एफआईआर के लिए कहा जाता है। एफआईआर में साक्ष्य लगने के बाद कोर्ट उसको स्वीकार करता है। इस एफआईआर में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और विश्वासघात जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आरोप है कि कांग्रेस के स्वामित्व वाली संस्था एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का धोखाधड़ी से अधिग्रहण किया गया था। इसकी कुल संपत्ति 2000 करोड़ रुपये थी। कोलकाता की डोटेक्स मर्चेंडाइज ने यंग इंडियन को 1 करोड़ रुपये दिए, जिसके बाद यंग इंडियन ने कांग्रेस को 50 लाख रुपये चुकाकर एजेएल पर अपना नियंत्रण हासिल कर लिया। यंग इंडियन के माध्यम से यह अधिग्रहण संपन्न हुआ था और गांधी परिवार की इसमें 76 फीसदी हिस्सेदारी थी। ईडी ने 9 अप्रैल, 2025 को सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और डोटेक्स के प्रमोटर के खिलाफ नेशनल हेराल्ड/ एसोसिएटेड जर्नल्स प्राइवेट लिमिटेड (एजेएल) से जुड़े कथित मनी लान्ड्रिंग मामले में एक चार्जशीट दायर की थी। इसी सिलसिले में यह नई एफआईआर दर्ज हुई है। यह मामला सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में उठाया था। उन्होंने दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में एक याचिका दाखिल करते हुए सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस के ही मोतीलाल वोरा, ऑस्कर फर्नांडीज, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे पर घाटे में चल रहे नेशनल हेराल्ड अखबार को धोखाधड़ी और पैसों की हेराफेरी के जरिए हड़पने का आरोप लगाया था। आरोप के मुताबिक, कांग्रेसी नेताओं ने नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों पर कब्जे के लिए यंग इंडियन लिमिटेड ऑर्गेनाइजेशन बनाया और उसके जरिए नेशनल हेराल्ड का प्रकाशन करने वाली एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) का अवैध अधिग्रहण कर लिया। अब दिल्ली पुलिस जल्द ही एजेएल के शेयरधारकों को तलब कर सकती है, ताकि यह पता चले कि क्या इस ट्रांसफर से पहले कांग्रेस ने उनसे अनुमति ली थी। अब इस मामले में आगे क्या होगा, यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन फिलहाल कांग्रेस के बड़े नेताओं की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं।



संसद का सत्र


डॉ. पवन कुमार शर्मा

# जनता की उम्मीदें जीतेंगी या राजनीति

**संसद का शीतकालीन सत्र इस बार 1 से 19 दिसंबर तक चलेगा। यह 18वीं लोकसभा का छठा सत्र है। इस शीतकालीन सत्र के दौरान सदन की कुल 15 बैठकें होंगी। इस छोटे लेकिन अहम सत्र में सरकार 10 नए बिल पेश करेगी और 2 अहम बिलों को सेलेक्ट कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर दोबारा मंजूरी के लिए सदन में लाएगी। यह आर्थिक सुधारों, मतदाता सूची की पारदर्शिता, सांस्कृतिक मुद्दों और पर्यावरण नीति के संदर्भ में निर्णायक साबित हो सकता है। संसद का शीतकालीन सत्र अगर रचनात्मक ढंग से चलता है तो देश की नीति एवं दिशा को सकारात्मक गति मिल सकती है, अन्यथा यह अवसर एक बार फिर टैक्सपेयर की गाढ़ी कमाई की बर्बादी ही साबित होगा।**

संसद का शीतकालीन सत्र इस बार 1 से 19 दिसंबर तक चलेगा। यह 18वीं लोकसभा का छठा सत्र है। शीतकालीन सत्र के दौरान सदन की कुल 15 बैठकें होंगी। इस छोटे लेकिन अहम सत्र में सरकार 10 नए बिल पेश करेगी और 2 अहम बिलों को सेलेक्ट कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर दोबारा मंजूरी के लिए सदन में लाएगी। शीतकालीन सत्र में इस बार केंद्र सरकार का फोकस आर्थिक सुधार, निवेश-प्रोत्साहन, बुनियादी ढांचा विकास, शिक्षा सुधार, सुशासन व कानून-व्यवस्था जैसे विषयों पर है।

मानसून सत्र में सेलेक्ट कमेटी के पास भेजे गए दो विधेयकों- जन विश्वास विधेयक 2025 एवं भारत में दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) संशोधन विधेयक पर इस सत्र में पुनर्विचार एवं पारित होने की संभावना है। जन विश्वास विधेयक दर्जनों छोटे कंप्लायंस संबंधी अपराधों को डिक्रिमिनलाइज करता है जबकि आईबीसी संशोधन विधेयक में बड़े बदलावों के जरिए कर्जदार-लेनदार के विवादों को तेजी से खत्म करने पर फोकस है। इस विधेयक का उद्देश्य प्रक्रियात्मक अनुशासन को कड़ा करना, जटिल कॉर्पोरेट संरचनाओं के लिए समूह दिवालियापन की रूपरेखा पेश करना और सीमा-पार दिवालियापन के मामलों को संभालना है। इसमें सरकार के बकाया को 'सेक्योर्ड क्रेडिटर' मानने जैसे सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों को बदलने का भी प्रस्ताव है। संसद के विंटर सेशन के दौरान जिन 10 नए विधेयकों के पेश होने की संभावना है उनमें एटॉमिक एनर्जी बिल, 2025 प्रमुख है जो नागरिक परमाणु ऊर्जा सेक्टर में निजी कंपनियों को भागीदारी की अनुमति देने और परमाणु ऊर्जा क्षेत्र का नया नियामक ढांचा स्थापित करने का प्रस्ताव करता है। दूसरा महत्वपूर्ण बिल हायर एजुकेशन कमिशन ऑफ इंडिया बिल 2025 है जो उच्च शिक्षा संस्थानों की स्वायत्तता, मान्यता, शासन-संरचना आदि सुधारने के लिए एक नया आयोग स्थापित करने का प्रयास करता है। इसी तरह नेशनल हाइवेज संशोधन विधेयक 2025, राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास, भूमि अधिग्रहण, पारदर्शिता और गति को बेहतर बनाने के लिए संशोधन का प्रस्ताव करता है। कॉर्पोरेट लॉज संशोधन विधेयक 2025, कंपनी कानूनों में सुधार व अद्यतन व्यापार-नियमों और कॉर्पोरेट संचालन में बदलाव का प्रस्ताव करता है। सिक्योरिटीज मार्केट्स कोड बिल 2025, प्रतिभूति बाजार संबंधित कई पुराने कानूनों को एक समेकित कोड में बदलने का प्रस्ताव करता है ताकि विनियमन और निवेश आसान हो सके। इंश्योरेंस लॉज संशोधन विधेयक 2025, बीमा क्षेत्र में सुधार, निवेश-पर्यावरण सुगम बनाने और मार्केट विस्तार के लिए कानूनों में संशोधन का प्रस्ताव करता है। आर्बिट्रेशन एवं कॉन्सिलिएशन संशोधन विधेयक 2025, मध्यस्थता व सुलह प्रक्रियाओं को द्रुत व सरल बनाने हेतु संशोधन का प्रस्ताव करता है। रिपीलिंग एवं संशोधन विधेयक 2025, पुराने, अप्रयुक्त या अव्यवहार्य कानूनों को निरस्त या संशोधित करने से संबंधित है। मणिपुर जीएसटी संशोधन विधेयक 2025, मणिपुर के लिए माल एवं सेवा कर अधिनियम में संशोधन से जुड़ा बिल है जिससे राजस्व व स्थानीय कानून–व्यवस्था से जुड़ी व्यवस्थाएं सुधारने का प्रस्ताव है। इसके अलावा संविधान विधेयक 2025, संवैधानिक स्तर पर कुछ



प्रावधानों में बदलाव के लिए एक महत्वपूर्ण विधेयक है जो संविधान के प्रावधानों को अद्यतन या संशोधित करने का प्रस्ताव करता है। 18वीं लोक सभा का छठा सत्र देश की राजनीति, कानून और नीति निर्माण के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण है। 2025 का यह शीत सत्र कई संवेदनशील मुद्दों और बड़े सुधारों के कारण विशेष रूप से चर्चा में है। दिल्ली एनसीआर में वायु-प्रदूषण एक गंभीर चुनौती बन चुका है। विंटर सेशन में विपक्ष इस मुद्दे को 'स्वास्थ्य आपातकाल' की तरह उठाने का मंसूबा जाहिर कर चुका है। हालांकि यह विषय सत्र के आधिकारिक एजेंडे में नहीं है, फिर भी यह जनता के जीवन-स्तर से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है।

देश के 12 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर इस सत्र के दौरान गहमागहमी होने के पूरे आसार हैं। तमाम विपक्षी दल इस प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी और मतदाता बहिष्करण के जोखिम की बातें कई महीनों से उठा रहे हैं, लिहाजा विरोधी दलों की तरफ से इस मुद्दे पर विस्तृत बहस की मांग की जा रही है। 'वन्दे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा को एजेंडे में विशेष रूप से शामिल किया गया है। यह सांस्कृतिक और राष्ट्रीय पहचान से जुड़ा विषय है लिहाजा इसमें संवेदनशीलता तो है लेकिन इस मुद्दे पर सियासत और राजनीतिक बयानबाजी भी खूब हो रही है। सरकार के प्रस्तावित एजेंडा के साथ-साथ, विपक्ष की ओर से कुछ गंभीर चिंताएं व तैयारियां देखी जा रही हैं जो शीतकालीन सत्र को चुनौतीपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक बना सकती हैं। मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर विपक्षी दल पहले ही तीखी नाराजगी जता चुके हैं। उनका आरोप है कि इसमें राजनीतिक दुरुपयोग हो सकता है। इस तरह की बहसों में राजनीतिक, क्षेत्रीय और धार्मिक मतभेद भी खुलकर सामने आ सकते हैं। आर्थिक सुधारों को लेकर खासकर दिवालियापन व निजी क्षेत्र में परमाणु ऊर्जा विषय पर विपक्ष यह सवाल उठाता रहा है कि इससे रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और छोटे उद्योगों की स्थिति पर क्या असर पड़ेगा। साथ ही, यदि सत्र में पर्याप्त समय नहीं दिया गया या सार्वजनिक बहस सीमित रही तो नीतिगत बदलावों और संवैधानिक संशोधनों पर व्यापक सामाजिक विमर्श नहीं हो सकने का जोखिम भी है। सत्र की छोटी अवधि यानी महज 15 बैठकों में इतने महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत बहस कठिन है। इसमें जल्दबाजी या आधी-अधूरी चर्चा का जोखिम है। यदि प्रक्रियाएं जल्दबाजी में होंगी तो जनता और विशेषज्ञ समूहों की भागीदारी कम हो सकती है, जिससे नीतियों पर भरोसा घटने का खतरा है।

सच्चाई यह भी है कि संसद के मानसून सत्र के दौरान मतदाता पुनरीक्षण का मामला हावी रहा था और उत्पादकता में भारी कमी आई थी। 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चले मानसून सत्र के दौरान लगभग दो-तिहाई समय व्यवधान की भेंट चढ़ा था। 18वीं लोकसभा में अब तक के सत्रों की यह सबसे कम उत्पादकता है। प्रश्नकाल के दौरान, लोक सभा में निर्धारित समय का केवल 23% तथा राज्य सभा में केवल 6% ही काम हो सका। 18वीं लोक सभा का यह शीतकालीन सत्र अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह आर्थिक सुधारों, मतदाता सूची की पारदर्शिता, सांस्कृतिक मुद्दों और पर्यावरण नीति के संदर्भ में निर्णायक साबित हो सकता है। लेकिन इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या सरकार और विपक्ष मिलकर लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करते हुए संवेदनशील और गंभीर बहस कर पाते हैं। संसद का शीतकालीन सत्र अगर रचनात्मक ढंग से चलता है तो देश की नीति एवं दिशा को सकारात्मक गति मिल सकती है, अन्यथा यह अवसर एक बार फिर टैक्सपेयर की गाढ़ी कमाई की बर्बादी ही साबित होगा

गीता जयंती विशेष

डॉ. सुशील टाया



# गीतामय पंच परिवर्तन

कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः।
लोकसंग्रहमेवापि सम्पश्यन् कर्तुमर्हसि॥

महाभारत के युद्ध में अर्जुन का मन जब विषादों से भर जाता है तब भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को कहते हैं कि हे अर्जुन, व्यक्ति की महानता पलायन और कर्म से विमुख होने में नहीं, बल्कि निःस्वार्थ भाव से कर्म करते हुए लोकहित में कार्य करने में है। प्रत्येक व्यक्ति कर्तव्य और आचरण से व्यापक सामाजिक परिवर्तन का कारण बन सकता है। व्यक्ति अपने कर्म, अनुशासन व चरित्र से उत्तमता प्राप्त कर सकता है। एक कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति अपने परिवार को संस्कारित और संगठित बनाता है। इससे समाज संगठित और कर्तव्यनिष्ठ होगा, तो निश्चित तौर पर राष्ट्र शक्तिशाली बनेगा। इससे विश्व कल्याण और विश्व बंधुत्व की भावना को भी बल मिलेगा, जिससे सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, स्व-बोध व पर्यावरण संरक्षण को बल मिलता है। गीता के तीसरे अध्याय के बीसवें श्लोक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विश्व-कल्याण के पंच परिवर्तन का सार स्पष्ट रूप से निहित दिखाई देता है। गीतामय पंच परिवर्तन हमें मानवता के कल्याण की ओर ले जाते हैं।

*नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः।*
*उभयोरपि दृष्टोऽन्तस्त्वनयोस्तत्त्वदर्शिभिः॥*

गीता के दूसरे अध्याय का सोलहवां श्लोक हमें बताता है कि सत्य शाश्वत है और असत्य क्षणिक। यही संदेश राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्व-बोध परिवर्तन का आधार बनता है, जो प्रत्येक व्यक्ति में अपनी संस्कृति, इतिहास और पहचान के प्रति आत्मगौरव जगाता है। जब हम अपने सत्य को पहचानते हैं, तभी राष्ट्रनिर्माण की मजबूत नींव रखी जाती है।

*आत्मौपम्येन सर्वत्र समं पश्यति योऽर्जुन।*
*सुखं वा यदि वा दुःखं सः योगी परमः मतः॥*

गीता के छठे अध्याय का बत्तीसवां श्लोक हमें बताता है कि सच्चा योग वही है जो अपने अंदर और समाज में समानता का अनुभव करता है। जब व्यक्ति स्वयं को और दूसरे को एक ही दिव्य चेतना का अंश समझने लगता है, तभी भेदभाव मिटते हैं। समाज का प्रत्येक घटक सम्मान का पात्र है और किसी प्रकार का ऊंच-नीच, जात-पात, भेदभाव हमारे राष्ट्रीय चरित्र के विपरीत है। सभी को अपने समान देखना ही वास्तविक समरस समाज का आधार बनता है और यही संदेश गीता से संघ के समरसता-परिवर्तन को दिशा देता है।

*अधर्माभिभवात्कृष्ण प्रदुष्यन्ति कुलस्त्रियः।*
*स्त्रीषु दुष्टासु वार्ष्णेय जायते वर्णसंकरः॥*

गीता के पहले अध्याय के 41वें श्लोक में परिवार को समाज की मूल इकाई माना गया है। जब परिवार में धर्म, संस्कार और नैतिक मूल्य मजबूत रहते हैं, तो समाज की नींव भी मजबूत होती है। अधर्म के बढ़ने से परिवार और कुल का पतन होता है, जिससे समाज में अस्थिरता आती है। इसलिए कुटुम्ब प्रबोधन का उद्देश्य परिवार को जागरूक और संस्कारित करना है, ताकि प्रत्येक सदस्य अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को समझे और परिवार से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन आए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दृष्टिकोण में भी परिवार जागरण इसी सिद्धांत पर आधारित है, जो व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त करता है।

*श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात्।*
*स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः॥*

गीता के तीसरे अध्याय के पैंतीसवें श्लोक में हमें अपने स्वधर्म का पालन करने का महत्व बताया गया है। प्रत्येक नागरिक का अपने समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाना सर्वोच्च है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दृष्टिकोण से, यह नागरिक कर्तव्य-जैसे ईमानदारी, अनुशासन, समाज सेवा, राष्ट्रहित में कार्य करना-हमारे जीवन का मूल आधार है। गीता के अनुसार सभी जीव और प्राणी प्रकृति के साथ गहरे संबंध में हैं। तीसरे अध्याय के तेरहवें श्लोक में हमें यह समझने का संदेश देता है कि प्रकृति ही हमारे जीवन का आधार है और उसके संसाधनों का संतुलित उपयोग करना हमारा कर्तव्य है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को सामाजिक कर्तव्य मानता है। यह श्लोक हमें यह प्रेरणा देता है कि हम प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखें।

# शिवत्व की साधना



संकलित

दर्शन

हर कर्म का आरंभ संकल्प से होता है। बातों को बनाने, बिगाड़ने व संभालने का आधार भी हमारा सोच रूपी कर्म है। अच्छे या बुरे सोच के कारण हमारे कर्म और कर्मफल सुखदायी व दुखदायी होते हैं। इसलिए कहते हैं, परमात्मा शिव अपनी शुद्ध और श्रेष्ठ संकल्पों से सोच को परिष्कृत कर दुनिया को परिवर्तित कर देते हैं। उनका प्रत्येक संकल्प मानवता का कल्याण व सद्ज्ञान है, जिसकी वर्षा से प्रकृति में शांति, संतुलन, सद्भावना व प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होता है। मानव जीवन व संसार से विकार, व्यभिचार, भ्रष्टाचार, पापाचार, दुख, कष्ट व हिंसा के ताप समाप्त होते हैं। परमात्मा के इस सृष्टि परिवर्तन या उद्धार कार्य से कृतज्ञ होकर हम श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना और व्रत-उपवास करते हैं। शिव की महिमा स्मरण, गायन, पूजन व श्रवण से श्रावण मास शिवमय हो जाता है। कहते हैं, चातुर्मास के आरंभ में भगवान विष्णु जब शयन में चले जाते हैं, तब परमात्मा शिव संसार की बागडोर संभालते हैं। शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं। वे शिव ज्ञान व योग सिखाकर मनुष्यों में सतयुगी दिव्य गुण व दैवी संस्कारों को पुनः विकसित करते हैं। जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, तब सृष्टि को बचाने एवं भक्तों की शुद्ध भावनाओं और कामनाओं का फल देने हेतु शिव अदृश्य रूप में संसार का कार्यभार संभालते हैं। ज्ञान सूर्य ज्योति स्वरूप शिव अपने ईश्वरीय ज्ञान व शिक्षा के प्रकाश द्वारा मनुष्यों के आसुरी अवगुणों को सद्गुण, दैवी चरित्र व दैवी संस्कारों में बदलते हैं।

# दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि



संकलित

प्रेरणा

स्वामी विवेकानंद एक बार कहीं जा रहे थे। रास्ते में नदी पड़ी तो वे वहीं रुक गए क्योंकि नदी पार कराने वाली नाव कहीं गई हुई थी। स्वामीजी बैठकर राह देखने लगे कि उधर से नाव लौटे तो नदी पार की जाए। एका-एक वहां एक महात्मा भी आ पहुंचे। स्वामीजी ने अपना परिचय देते हुए उनका परिचय लिया। बातों ही बातों में महात्माजी को पता चला की स्वामीजी नदी किनारे नाव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। महात्मा जी बोले, अगर ऐसी छोटी-मोटी बाधाओं को देखकर रुक जाओगे तो दुनिया में कैसे चलोगे? तुम तो स्वामी हो, बड़े आधात्यात्मिक गुरु और दार्शनिक माने जाते हो। जरा सी नदी नहीं पार कर सकते? देखो, नदी ऐसे पार की जाती है। महात्मा जी खड़े हुए और पानी की सतह पर तैरते हुए लंबा चक्कर लगाकर वापस स्वामी जी के पास आ खड़े हुए। स्वामीजी ने आश्चर्य चकित होते हुए पूछा, महात्माजी, यह सिद्धि आपने कहां और कैसे पाई? महात्मा जी मुस्कुराए और बड़े गर्व से बोले, यह सिद्धि ऐसे ही नहीं मिल गई। इसके लिए मुझे हिमालय की गुफाओं में तीस साल तपस्या करनी पड़ी। महात्मा की इन बातों को सुनकर स्वामी जी मुस्करा कर बोले, आपके इस चमत्कार से मैं आश्चर्यचकित तो हूं लेकिन नदी पार करने जैसे काम जो दो पैसे में हो सकता है, उसके लिए आपने अपनी जिंदगी के तीस साल बर्बाद कर दिए। यानी दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि! ये तीस साल अगर आप मानव कल्याण के किसी कार्य में लगाते या कोई दवा खोजने में लगाते, जिससे लोगों को रोग से मुक्ति मिलती तो आपका जीवन सचमुच सार्थक हो जाता।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अपशिष्ट प्रबंधन के ठोस उपाय करना जरूरी

कम करें, पुन : उपयोग करना, रीसायकल करना एक ऐसा टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन है, जो सामाजिक रूप से स्वीकार्य और पर्यावरण के अनुकूल है। अपशिष्ट उत्पाद आज दुनिया की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। यह दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करने वाले प्रदूषण का कारण बनता है। कम करना, पुन : उपयोग करना और रीसायकल करना भूमि, वायु और जल प्रदूषण के सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक को खत्म करने के तीन बेहतरीन तरीके हैं। कम करने का मतलब है कि अपशिष्ट की मात्रा कम हो जाती है। अपशिष्ट में कमी का सीधा मतलब है उन चीज़ों को कम करना जिन्हें हम उपयोग करते हैं और केवल वही उपयोग करते हैं जो आवश्यक है। चीज़ों को कम करके हम बहुत सारा पैसा भी बचा सकते हैं। बहरहाल अपशिष्ट प्रबंधन के ठोस उपाय करना जरूरी है। *– मोहन देवांगन, भिलाई*

## करंट अफेयर

# आयु सीमा बढ़ने से 37 लाख चीनी ने दी सिविल सेवा परीक्षा

पात्रता आयु सीमा 35 वर्ष से अधिक किए जाने के बाद पहली राष्ट्रीय सिविल सेवा परीक्षा में रविवार को 37 लाख से अधिक चीनी नागरिक उपस्थित हुए, जिससे देश में बढ़ती बेरोजगारी के दबाव के बीच सरकारी नौकरियों की मांग में वृद्धि का संकेत मिलता है। यह परीक्षा देश की केंद्र सरकार और उसके विभागों में पदों के लिए उम्मीदवारों का चयन करती है। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार, 37 लाख से ज्यादा चीनी नागरिक इस परीक्षा में शामिल हुए, जिसका मतलब है कि औसतन लगभग 98 आवेदक एक उपलब्ध पद के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।



## ऑफ बीट

# ठंडे में फंसने पर शरीर के साथ क्या होता है



तापमान में गिरावट के प्रति शरीर की प्रतिक्रिया को वाहिका संकीर्णन कहा जाता है जो रक्त वाहिकाओं की दीवारों में छोटी मांसपेशियों द्वारा संकुचन है। अगर तापमान शून्य से कम चार डिग्री सेल्सियस से भी नीचे चला जाता है तो वैसोकंस्ट्रिक्शन रक्त में बर्फ के क्रिस्टल बनने से भी रोकता है। जब शरीर के अंदरुनी अंगों का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला जाता है तो हाइपोथर्मिया होता है। इसका मतलब है कि शरीर पर्याप्त गर्मी पैदा करने में असमर्थ है। हल्के चरण में शरीर का तापमान 32 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच गिर जाता है। दिल की धड़कन तेज हो जाती है, सांस लेने की दर और रक्तचाप बढ़ जाता है

## ट्रेंड

### गीता महोत्सव



सऊदी अरब और लातविया में गीता महोत्सव उल्लेखनीय प्रयास हैं, जो प्रवासी भारतीयों तथा भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता के प्रति उत्साही लोगों के साथ सांस्कृतिक जुड़ाव को गहरा करते हैं।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### ज़हरीली हवा



मैं जिस भी माँ से मिलता हूँ, वह मुझे एक ही बात कहती है कि उसका बच्चा ज़हरीली हवा में सांस लेते हुए बड़ा हो रहा है। मोदी जी, भारत के बच्चे हमारे सामने घुट रहे हैं। आपकी सरकार कोई तत्परता, कोई योजना, कोई जवाबदेही क्यों नहीं दिखाती?

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### स्वच्छ हवा और हरियाली



भाजपा सरकार पैसे के लालच में लखनऊ के 'हरित-हृदय' जनेश्वर मिश्र पार्क को अपनी इंवेटबाजी से दूर रखे। लखनऊ के नागरिकों का स्वच्छ हवा और हरियाली पर पूरा अधिकार है। हम सबको मिलकर एक नागरिक आंदोलन की तरह इसका पुरजोर विरोध करना चाहिए।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### उज्ज्वला योजना



उज्ज्वला योजना के अंतर्गत नए गैस कनेक्शन और सिलेंडर दिल्ली की गृहणियों को रसोई के धुएं से राहत देंगे और प्रदूषण को कम करके घरों और वातावरण दोनों को अधिक सुरक्षित बनाएंगे। हमारी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि यह योजना हर जरूरतमंद परिवार तक पहुंचे।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

## संक्षेप

### इमलिया सिकरा में एसआईआर में हो रही परेशानी

**बीएलओ और सुपरवाइजर बोले– अधिकारी नहीं कर रहे सहयोग**

सुलतानपुर, जयसिंहपुर क्षेत्र के ग्राम सभा इमलिया सिकरा में एसआईआर फॉर्म को लेकर गंभीर अव्यवस्था सामने आई है। बूथ पर पहुंचे एक सुपरवाइजर ने बताया कि उच्च अधिकारियों के असहयोग और अस्पष्ट निदेशों के कारण पूरा काम बाधित हो रहा है। सुपरवाइजर आशुतोष ने बताया कि एसआईआर फॉर्म उपलब्ध तो कराए गए हैं, लेकिन उनमें कई लाभार्थियों के नाम गायब हैं। जब इस संबंध में उन्होंने उच्च अधिकारियों से संपर्क किया तो उन्हें केवल नाम सर्च कर लो जैसी सामान्य प्रतिक्रिया देकर बात टाल दी गई। इसके चलते उन्हें यह समझ नहीं आ रहा कि अधूरे फॉर्म को कैसे पूरा किया जाए। उधर, बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) ने भी अपनी कठिनाइयां साझा कीं। उनका कहना है कि अधिकारियों से स्पष्ट निर्देश न मिलने के कारण यह तय करना मुश्किल हो रहा है कि वे घर-घर जाकर फॉर्म एकत्र करें या फिर दिए गए आधिकारिक निर्देशों का ही पालन करें।

### झुलसने से युवक की इलाज के दौरान मौत

**सुलतानपुर में शादी में शामिल होने गया था**

सुलतानपुर, लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र के बड़ागांव निवासी नंदलाल प्रजापति अपने ससुराल में आग से झुलसे से युवक की इलाज के दौरान ट्रॉमा सेंटर लखनऊ में मौत हो गई। मृतक युवक के 6 साल का एवं एक चार साल का बेटा है। युवक के मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहरा मच गया। कल पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव घर पहुंचेगा। ग्रामीणों ने नंदलाल को आग में जलते हुए देखा, जिसके बाद उन्होंने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। ससुराल पक्ष के लोगों ने उन्हें स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में भी उनकी हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उन्हें उच्च उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, नंदलाल प्रजापति के दो बच्चे हैं।

### शटडाउन के बावजूद बिजली चालू, युवक की मौत

**खंभे पर काम करते समय लगा करंट, पुलिस जांच में जुटी**

सुलतानपुर, लंभुआ में बिजली के खंभे पर काम कर रहे एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। आरोप है कि शटडाउन लेने के बावजूद बिजली की सप्लाई चालू कर दी गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के गरएं गांव में हुई। मृतक घनश्याम यादव (लगभग 42 वर्ष) बिजली ठेकेदार संदीप शर्मा के अधीन काम कर रहा था। काम शुरू करने से पहले उसने विद्युत प्रवाह बंद करने के लिए शटडाउन लिया था। मृतक के भाई राधेश्याम यादव, निवासी सराय अचल, कोतवाली देहात, ने पुलिस को तहरीर दी है।

# नानपारा मण्डी में स्थापित क्रय केन्द्रों का एसडीएम नानपारा ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजना अन्तर्गत जनपद में संचालित धान क्रय का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने कृषि उत्पादन मण्डी समिति नानपारा में खाद्य विभाग द्वारा स्थापित 05 धान क्रय केन्द्रों व 02 मक्का क्रय केन्द्रों का निरीक्षण निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्रीमती जौहरी द्वारा खरीद, स्टाक एवं बोरा रजिस्टर, क्रय एवं शिकायत पंजिका सहित अन्य अभिलेखों, कृषको को किये गये भुगतान, आनलाइन फीडिंग की स्थिति, क्रय तक पट्टी, टीसीडीसी/ मूवमेंट चालान सहित कृषकों की सुविधा हेतु की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। क्रय केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने उपज की तौल करा रहे किसानों से क्रय केन्द्र की व्यवस्थाओं, उपज की तौल में होने वाली असुविधाओं इत्यादि के बारे में जानकारी करने पर किसानों की ओर से कोई भी प्रतिकूल तथ्य प्रकाश में न आने पर संतोष व्यक्त करते हुए क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि कृषकों की उपज को शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार खरीदा जाये। क्रय केन्द्र पर आने वाले कृषकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। क्रय केन्द्रों के माध्यम से हो रही कम खरीद पर एसडीएम ने असंतोष व्यक्त करते हुए सम्बन्धित को निर्देश दिया कि कृषकों से समन्वय स्थापित कर लक्ष्य के अनुरूप खरीद सुनिश्चित करें। उन्होंने क्रय केन्द्र प्रभारियों को यह भी निर्देश दिया कि क्रय किये गये धान खरीद को सुरक्षित ढंग से रखा भी जाय।

# सीआरओ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा बैठक

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह की अध्यक्षता में फार्मर रजिस्ट्री योजना की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपनिदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री योजना का प्रचार वाहन जनपद के दैनिक समाचार पत्रों आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार कराया जा रहा है। फलस्वरूप जनपद के 05 लाख 8600 किसानों के सापेक्ष अब तक 335778 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बन चुकी है। उपनिदेशक कृषि ने बताया कि अभी भी 232822 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाई जानी है। मुख्य राजस्व अधिकारी श्री सिंह ने उपस्थित कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो डाटा रेड, अम्बर एवं ग्रीन डेटा है। उसकी गहन जांच की जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए की जो भी प्रेस डाटा पाया जा रहा है उसकी फार्मर रजिस्ट्री तत्काल कर दी जाय। मुख्य राजस्व अधिकारी ने उपनिदेशक कृषि को निर्देश दिया कि एग्री स्टैक योजना अंतर्गत कराए गए डिजिटल क्रॉप सर्वे में लगे कर्मचारियों के मानदेय का भुगतान अतिशीघ्र करने को कहा। साथ ही जिले के सभी किसानों तक पहुंच बनाए जाने हेतु योजना का विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार प्रसार आवंटित बजट से कराया जाना सुरक्षित करें। जिससे शत प्रतिशत किसानों को जागरुक कराते हुए उनकी फार्मर रजिस्ट्री बनाई जा सके।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगजनों को वितरित किये गये सहायक उपकरण




अमन लेखनी समाचार

बहराइच। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन सषक्तिकरण विभाग द्वारा कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजनान्तर्गत विकास भवन परिसर में आयोजित शिविर में पूर्व सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोड़, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल व सदर विधायक प्रतिनिधि षिवम जायसवाल ने चिन्हित पात्र दिव्यांगजन को 20 नग ट्राईसाइकिल, 20 जोड़ी बैषाखी, 08 नग व्हीलचेयर व 02 नग श्रवण यंत्र (कान मषीन) का वितरण करते हुए दिव्यांगजनों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अन्त में जिला दिव्यांगजन सषक्तिकरण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# जनपद बहराइच के बाबागंज में 30 दिवसीय राम विवाह मेले की धूम

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। जनपद बहराइच के विकासखंड नवाबगंज अंतर्गत कस्बा बाबागंज में चल रहा एक महीने का राम विवाह धनुष यज्ञ मेला अपने चरम पर है। मेले में आसपास के दर्जनों गांव के सैकड़ों मेलार्थियों सहित पड़ोसी देश नेपाल के भी हजारों संख्या मे मेलार्थियों का प्रतिदिन आवागमन बना रहता है। इस दौरान मेले में सजी कॉस्मेटिक की दुकानों में जहां महिलाओं की खरीदारी देखी जा रही है वहीं बुलंदशहर से आए हुए खजले की दुकान पर खजला प्रेमियों की भीड़ देखी जा सकती है। मौत का कुंआ, सर्कस झूला, जादू शो जैसे कई कार्यक्रमों से सजा यह राम विवाह मेला जनपद बहराइच में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। बताते चले कि यह जनपद बहराइच में लगने वाले ज्येष्ठ माह के दरगाह मेले के बाद सबसे बड़ा दूसरा मिला है। बाबागंज परमहंस कुटी पर लगने वाले इस विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक मेले में आसपास के कई जनपदों के लोग बराबर मेले में प्रतिभा करते हैं। मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जनपद बहराइच की पुलिस जहां बराबर मुस्तैद रहती है वही रुपईडीहा पुलिस की सघन निगरानी इस मेले की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाती है।

# अवैध टैक्सी स्टैंड पर अधिवक्ता को पीटा

- ट्रैफिक पुलिस पर मिलीभगत का आरोप, गौ रक्षा वाहिनी ने की थी शिकायत

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, पयागीपुर और अमहट स्थित अवैध टैक्सी स्टैंड पर एक वरिष्ठ अधिवक्ता की पिटाई का मामला सामने आया है। आरोप है कि उन्हें दौड़ाकर घसीटा गया और उनकी नकदी भी छीन ली गई। इस घटना के बाद पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता समर बहादुर सिंह पर हुए इस हमले से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। आरोप है कि ये अवैध टैक्सी स्टैंड प्राइवेट नंबर की गाड़ियों का व्यावसायिक उपयोग कर सरकारी राजस्व को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचा रहे हैं। राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह और प्रदेश महामंत्री जयशंकर दुबे ने इन अवैध टैक्सी स्टैंडों के खिलाफ पहले भी कई बार विरोध दर्ज कराया था। उन्होंने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी। हालांकि, कार्रवाई करने के बजाय, प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह को कथित तौर पर एक फर्जी मुकदमे में फंसाने की कोशिश की गई। इस घटना ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। हाल ही में एक महीने का यातायात सप्ताह समाप्त हुआ था, जिसे पुलिस विभाग ने पूरे प्रदेश में सफल बताया था।

# ऑनलाइन हाजिरी का विरोध

## ग्राम पंचायत व विकास अधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर काम किया

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, संग्रामपुर विकासखंड मुख्यालय पर ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति ने ऑनलाइन हाजिरी की अनिवार्यता का विरोध किया। समिति के सदस्यों ने काली पट्टी बांधकर काम किया। समिति के सदस्यों का कहना है कि शासन द्वारा लागू की गई ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली जमीनी हकीकत के अनुरूप नहीं है। उनका आरोप है कि बिना पर्याप्त संसाधन और तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराए ऑनलाइन हाजिरी लागू करना अव्यवहारिक है, जिससे कार्य निष्पादन प्रभावित होगा। सचिवों ने घोषणा की है कि 1 से 4 दिसंबर तक वे काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। इसके बाद, 5 दिसंबर को शांतिपूर्ण धरना देकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे। कर्मचारियों ने कहा कि प्रदेश संगठन के नेतृत्व में इस निर्णय का व्यापक स्तर पर विरोध किया जाएगा। इस सांकेतिक विरोध प्रदर्शन में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) लाल शशिकांत सिंह, ग्राम विकास अधिकारी और संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अजीत सिंह, ग्राम विकास अधिकारी मिथिलेश यादव, मिथिलेश द्वितीय, तथा ग्राम पंचायत अधिकारी राधेश्याम सिंह और दीपक कुमार काली पट्टी बांधकर शामिल रहे।

# शादी में बीफ का काउंटर लगाने पर बवाल, मारपीट

## अलीगढ़ में भाजपा नेता के बेटे को पीटा, थाने में भी बसपा नेता से भिड़ंत

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, एक दावत-ए-वलीमा (रिसेप्शन) कार्यक्रम में जमकर हंगामा हुआ। आरोप है कि यहां पर बीफ परोसा जा रहा था। उसके लिए अलग से काउंटर लगाए थे। रिसेप्शन में भाजपा नेताओं को भी आमंत्रित किया गया था। काउंटर पर बीफ का स्टिकर देखकर भाजपा नेता और जवां नगर पंचायत अध्यक्ष के बेटे आकाश ने विरोध किया। पुलिस को सूचना देने के बाद काउंटर का वीडियो बनाने लगा। यह देखकर कैटरिंग के काम में लगे कर्मचारी भड़क गए। वीडियो बनाने का विरोध करने लगे। भाजपा कार्यकताओं के साथ बहस करने लगे। देखते ही देखते मामला मारपीट तक पहुंच गया। दोनों तरफ से जमकर लात-घूसे चले। बीच-बचाव के लिए आए लोगों को भी दौड़ा-दौड़कर पीटा गया। पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों पक्षों के लोगों को पूछताछ के लिए थाने ले आई। इस दौरान कैटर्स के समर्थन में बसपा नेता समर्थकों के साथ थाने पहुंच गए। थाने के अंदर भी बवाल होने लगा। एक घंटे तक कहासुनी होती रही। हाथापाई की नौबत आ गई। पुलिस ने बीच-बचाव कर हालात काबू में किए और कैटर्स समेत तीन लोगों को हिरासत में लिया। उसके बाद एफएसडीए की टीम को मौके पर जांच के लिए भेजा। उन्होंने वहां से खाने के सैंपल लिए और जांच के लिए भेज दिए। सिविल लाइंस क्षेत्र के शहनाई गेस्ट हाउस में धौर्रा के एक युवक और जीवनगढ़ की एक युवती के निकाह के बाद रात को दावत-ए-वलीमा चल रही थी। इसमें जवां नगर पंचायत अध्यक्ष फूलवती सूर्यवंशी के बेटे आकाश को भी न्योता भेजा गया था। वह अपने दोस्त गौरव और कुछ अन्य लोगों के साथ आया था। आकाश और उसके दोस्त गौरव का आरोप है कि उन्हें खाने-पीने के स्टॉल पर बीफ कोरमा का स्टीकर लगी हुई टेबल सजी मिली। उन्होंने देखते ही वीडियो बनाना शुरू कर दिया। वीडियो बनाते देख कैटर्स स्टाफ ने उन्हें घेर लिया। वीडियो बनाने से मना करने लगे। आकाश ने जब मना किया तो उन्होंने उसे और उसके दोस्तों से मारपीट की। आकाश और गौरव ने भाजपा कार्यकर्ताओं को इसकी जानकारी दी। उसके बाद पुलिस को भी फोन करके बुला लिया।

# चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

## एसओजी और जलालाबाद पुलिस की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई, बड़ी सफलता

अमन लेखनी समाचार




शाहजहांपुर, एसओजी सर्विलांस और जलालाबाद पुलिस की संयुक्त टीम ने चोरी का खुलासा किया है। टीम ने एक आरोपी को 19,500 रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी शाहजहांपुर में हुई।

जलालाबाद थाने में एक तहरीर के आधार पर मुकदमा संख्या 577/25, धारा 303(2) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया था कि ई-रिक्शा चालक पंकज और उसके साथी धर्मेंद्र ने उसकी जेब से 1,35,000 रुपये चुरा लिए थे। पंकज और धर्मेंद्र ग्राम मुर्जिया, थाना कलान, जनपद

शाहजहांपुर के निवासी हैं। जनपदीय एसओजी, सर्विलांस और जलालाबाद पुलिस की संयुक्त टीम ने इस मामले में सनी उर्फ हउआ पुत्र राकेश को गिरफ्तार किया। वह बालाजी नगर कॉलोनी, अजीजगंज अस्पताल के पीछे, थाना कोतवाली, शाहजहांपुर का निवासी है। उसे 2 दिसंबर 2025 को ग्राम गुरगवां की ओर जाने वाले संपर्क मार्ग पर सरकारी ट्यूबवेल के पास से पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपी के पास से चोरी के 19,500 रुपये नकद, एक आधार कार्ड, माचिस की डिब्बी और ब्लेड के दो टुकड़े (जिलेट 365 मार्का) बरामद किए गए। बरामदगी के आधार पर, उपरोक्त मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है और उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। पुलिस टीम शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए भी प्रयास कर रही है।

# बिजली बिल राहत योजना शुरू

## उपभोक्ताओं को ब्याज और मूलधन में 25% की छूट मिलेगी

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने प्रतापगढ़ का दौरा किया। उन्होंने कुंडा सब स्टेशन पर बिजली बिल राहत योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिलों पर बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री ने योजना का लाभ उठाने वाले दर्जन भर बिजली उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। उन्होंने बताया कि यह योजना उत्तर प्रदेश में अपनी तरह की पहली पहल है, जिसका उद्देश्य लाखों उपभोक्ताओं को बकाया बिलों से मुक्ति दिलाना है। योजना के तहत, बिजली बिल के ब्याज पर शत-प्रतिशत छूट दी जाएगी। इसके साथ ही, मूलधन में भी 25 प्रतिशत की माफी मिलेगी। मंत्री शर्मा ने कहा कि यह योजना विशेष रूप से उपभोक्ताओं को राहत देने और उनके लिए बकाया बिलों का भुगतान आसान बनाने के लिए तैयार की गई है। यह तीन चरणों वाली योजना 28 फरवरी को समाप्त होगी। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने लोगों से अपील की कि वे इस सुनहरे अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने भारी-भरकम बिजली बिलों का भुगतान छूट के साथ करें। इससे उपभोक्ताओं को दीर्घकालिक राहत मिलेगी और बकाया बिलों का निस्तारण सरल व पारदर्शी तरीके से हो सकेगा। आपको बताते चलें कि बिजली बिल राहत योजना से बकाएदारों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। इस बार बिजली विभाग ने योजना के तहत बकाएदारों को 100 प्रतिशत ब्याज माफी के साथ मूल बिल में भी 25 प्रतिशत की छूट देने की पहल की है।

# 17 बीएलओ ने शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूरा किया

## अमेठी में विशेष पुनरीक्षण अभियान की रफ्तार तेज हुई

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 4 नवंबर से सात दिनों के लिए बढ़ा दिया गया है। इस अभियान के तहत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण, संग्रह और डिजिटाइजेशन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। अब तक जनपद के 17 बीएलओ ने शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा कर लिया है। इनमें विधानसभा तिलोई के बूथ संख्या 371 की बीएलओ राजकली (1068 मतदाता), विधानसभा जगदीशपुर के बूथ संख्या 75 के बीएलओ रामचंद्र (735 मतदाता), बूथ संख्या 76 की बीएलओ रविंद्र कुमारी (1057 मतदाता) और बूथ संख्या 144 के बीएलओ लक्ष्मीकांत (1154 मतदाता) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, विधानसभा गौरीगंज के बूथ संख्या 75 के बीएलओ राजकरण (590 मतदाता), बूथ संख्या 80 की बीएलओ उमा देवी (650 मतदाता), बूथ संख्या 106 के बीएलओ कंसराज (663 मतदाता), बूथ संख्या 147 की बीएलओ किरण बाला सिंह (783 मतदाता), बूथ संख्या 213 की बीएलओ सोनल (865 मतदाता) और बूथ संख्या 383 की बीएलओ कलावती देवी (653 मतदाता) ने भी यह कार्य पूर्ण किया है। विधानसभा अमेठी से बूथ संख्या 100 के बीएलओ लाल साहब सिंह (986 मतदाता), बूथ संख्या 215 की बीएलओ सुनीता देवी (738 मतदाता), बूथ संख्या 219 की बीएलओ कौशल्या (359 मतदाता), बूथ संख्या 289 की बीएलओ सावित्री कश्यप (618 मतदाता), बूथ संख्या 305 के बीएलओ राम बहादुर यादव (507 मतदाता), बूथ संख्या 354 की बीएलओ गायत्री (326 मतदाता) और बूथ संख्या 364 के बीएलओ सोहनलाल (674 मतदाता) ने अपने गणना प्रपत्रों को डिजिटलाइज्ड किया है।

## संक्षेप

### फ्लाईओवर से 30 फीट नीचे गिरी कार, पिता की मौत

**बेटा घायल, गाजियाबाद में 100 की स्पीड में रेलिंग तोड़कर पीडब्लूडी कैंपस में गिरी**

गाजियाबाद, 100 की स्पीड में चल रही कार रेलिंग तोड़ते हुए फ्लाईओवर से नीचे गिर गई। हादसे में पिता की मौत हो गई, जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल है। 30 फीट नीचे गिरने के बाद कार बुरी तरह डैमेज हो गई। चीख-पुकार सुनकर राहगीर पहुंचे और बाप-बेटे को किसी तरह बाहर निकाला। हादसे की सूचना पर यूपी-112 की टीम मौके पर पहुंची। राहगीरों की मदद से दोनों को यशोदा अस्पताल ले जाया गया। यहां गंभीर रूप से घायल पिता को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, उनके बेटे प्रिंस का इलाज चल रहा है। हादसा हापुड़ रोड पर सिहानी गेट थाने के सामने हुआ। मृतक की पहचान मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र के जागृति विहार निवासी राकेश सिंह के रूप में हुई है। कार को प्रिंस चला रहे थे, जबकि उनके पिता राकेश सिंह आगे की सीट पर बैठे थे। पुलिस के मुताबिक, शुरूआती जांच में सामने आया है कि फ्लाईओवर पर झपकी आने से कार का बैलेंस बिगड़ा। उस वक्त कार की स्पीड करीब 100 किमी प्रति घंटा रही होगी। इसके बाद कार कंट्रोल नहीं हुई और रेलिंग तोड़ते हुए नीचे गिर गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। कार जिस साइड जमीन पर गिरी थी, उसी ओर राकेश सिंह दबे थे। उन्हें दूसरी विंडो से निकाला गया। एक एयरबैग खुला मिला। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां राकेश की मौत हो गई। ओवरब्रिज के नीचे पीडब्लूडी ऑफिस का कैंपस है। गनीमत रही कि नीचे कोई मौजूद नहीं था।

### ब्रह्मपुरी थाने के कांस्टेबलों ने दूध कारोबारी को पीटा

**नकली दूध की शिकायत पर दुकान पहुंचे, एसपी सिटी ने दिए जांच के आदेश**

मेरठ, ब्रह्मपुरी थाने के दो कांस्टेबलों पर दूध कारोबारी को बंधक बनाकर पीटने का आरोप लगा है। सोमवार को इस मामले में भाजपा नेता कमल दत्त शर्मा एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह से मिले और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। एसपी सिटी ने जांच के आदेश दिए हैं। भाजपा नेता कमल दत्त शर्मा ने एसपी सिटी को बताया कि ब्रह्मपुरी निवासी शिवम दूध का कारोबार करते हैं। 30 नवंबर की शाम दो पुलिसकर्मी उनकी दुकान पर पहुंचे और नकली दूध बेचने का आरोप लगाते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। भाजपा नेता का आरोप है कि जब शिवम ने उन्हें ऐसा करने से रोका तो दोनों पुलिसकर्मियों ने कमरे को बंद कर लिया और शिवम से जमकर मारपीट की। बोलेरो गाड़ी में आए थे दोनों पुलिसकर्मी भाजपा नेता के साथ मौजूद पीड़ित शिवम ने एसपी सिटी को अपनी चोट दिखाई। बताया कि दोनों पुलिसकर्मी नूर नगर स्थित दुकान पर बोलेरो गाड़ी में आए थे। आते ही नकली दूध बनाकर बेचने का आरोप लगा दिया। उन्होंने विरोध किया तो उनको बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। जबकि उनकी कोई गलती नहीं थी। आरोप है कि करीब चार घंटे बाद फूड विभाग की टीम बुलाई और नमूने उठवा दिए।

# घर में लगी भीषण आग

**झुलसने से पिता की मौत, मां-बेटी की हालत गंभीर; घर का सारा सामान जला**

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, एक मकान में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में घर का बड़ा हिस्सा लपटों में घिर गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। रेस्क्यू शुरू किया। जिस समय हादसा हुआ, उस समय घर में 15 लोग थे। जिस हिस्से में आग लगी, उसमें रहने वाले परिवार में पिता, मां और बेटी बुरी तरह झुलस गए। तीनों को फौरन अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान पिता की मौत हो गई। वहीं मां-बेटी की हालत गंभीर बनी हुई है। नगर निगम के सफाईकर्मी रह चुके स्वर्गीय पन्नालाल का राजापुर में गंगानगर की गली नंबर 2 में एक दो मंजिला मकान है। इस मकान में पत्नी शकुंतला देवी और उनके चार बेटे आनंद, विजय, अजय व अनूप अपने-अपने परिवार के साथ रहते हैं।




सभी भाइयों का परिवार अपने-अपने कमरे में सो रहा था। इसी बीच बुधवार की सुबह चार बजे के करीब भूतल में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। थोड़ी देर में ही पूरा मकान धू-धूकर जलने लगा। गली से गुजर रहे दो छात्रों की नजर पड़ी, तो उन्होंने शोर मचाया। तब आसपास के लोग अपने-अपने घरों से निकलकर बाहर आ गए। मकान के कमरों के अंदर तक धुआं फैल जाने से चार भाइयों का 15 सदस्यीय परिवार फंस गया था। लोगों ने भूतल में किचन की खिड़की तोड़ कर और पड़ोसी के बाजरे से किसी तरह सभी लोगों को बाहर निकला गया। दम घुटने से झुलसे घायल अजय (35), उनकी पत्नी वंदना और बेटी श्रेया और छोटे भाई अनूप के चार माह की बेटी अयान को अस्पताल ले जाया गया। लोगों ने सभी को किसी तरह बाहर निकाला और तुरंत स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान अजय आनंद की मौत हो गई। उनकी बेटी श्रेया और पत्नी वंदना की हालत गंभीर बनी है। घटना कैंट थाना क्षेत्र के राजापुर स्थित गंगानगर की गली नंबर-12 की है। जहां डॉक्टरों ने अजय को मृत घोषित कर दिया। इधर, आग लगने से मकान में गृहस्थी का सारा सामान, दो बाइक व दो स्कूटी समेत सबकुछ जलकर राख हो गया। छोटी गली होने की वजह से समय से फायर ब्रिगेड भी नहीं पहुंच सकी थी।

हादसे के बाद पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल बना रहा। बड़े भाई विजय ने बताया- छोटे भाई का परिवार सेकेंड फ्लोर पर था। उसमें धुंआ बुरी तरह भरा था।

# गायत्री महायज्ञ के अंतिम दिन मंत्रोच्चारण के बीच डाली गई पूणार्हुतियाँ

अमन लेखनी समाचार/विनीत पाण्डेय



जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद फतेहपुर में कस्बे के श्री राम-जानकी धाम रामतलाई मंदिर परिसर में चल रहे 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के अंतिम दिवस पर बुधवार को श्रद्धा और आस्था का अनोखा संगम देखने को मिला। शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे विद्वान आचार्यों ने संगीतमयी वैदिक मंत्रोच्चारण किया, जिसकी पावन ध्वनि के बीच यजमानों ने यज्ञ वेदियों में पूणार्हुति डालकर विश्व शांति और कल्याण की कामना की। सुबह आठ बजे प्रारंभ हुए इस विशेष सत्र में टोली नायक पंडित राजेन्द्र द्विवेदी एवं उनकी टोली ने मंत्रोच्चारण को संगीतमयी स्पर्श देते हुए वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। वैदिक मंत्रों की गूंज और यज्ञ अग्नि की आभा के बीच यजमानों द्वारा दी गई पूणार्हुतियों ने परिसर को अनुशासन, भक्ति और श्रद्धा से सराबोर कर दिया। पूरे आयोजन में कस्बे के सैकड़ों भक्तों ने सहभागिता कर गायत्री महायज्ञ को सफल बनाया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर के पुजारी बाबा अवधेशानंद सहित श्रीराम गुप्ता, राजेश बाजपेई, रेनू बाजपेई, रामशंकर सचान, कन्हैया लाल बाजपेई, रामनारायण सचान, रामौतार गुप्ता, जयवीर, मुन्ना चौरसिया, राजेश वर्मा, मनीष वर्मा, कन्हैया लाल तिवारी, मंजू शर्मा, संतोषी यादव, ज्योति चौरसिया, सपना, चांदनी आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# विधायक ने पीएम की रैली के लिए जनसंपर्क तेज किया

**नोएडा एयरपोर्ट के उद्घाटन कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के प्रस्तावित उद्घाटन से पहले जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने प्रधानमंत्री की रैली को सफल बनाने के लिए जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। इस एयरपोर्ट का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जल्द ही किया जाएगा। इस अभियान के तहत विधायक धीरेंद्र सिंह ने 1 दिसंबर 2025 को ग्राम रामपुर बांगर, रामनेर और बनवारीपुर का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि यह अवसर पूरे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर का यह विशाल एयरपोर्ट जेवर में बनकर तैयार हो रहा है। विधायक सिंह ने बताया कि यह एयरपोर्ट न केवल जिले बल्कि पूरे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देगा। इसके शुरू होने से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, युवाओं के सपनों को नया आयाम मिलेगा और स्थानीय विकास कार्यों को अभूतपूर्व रफ्तार मिलेगी। उन्होंने ग्रामीणों के उत्साह के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि जेवर अब विकास के नए अध्याय लिखने जा रहा है। यह रैली क्षेत्रवासियों की एकजुटता एवं सहभागिता का प्रतीक बनेगी। ग्रामीणों ने भी प्रधानमंत्री की प्रस्तावित रैली को सफल बनाने का आश्वासन देते हुए बड़ी संख्या में शामिल होने की बात कही।

# सड़क सुरक्षा पर छात्र बने सजग

**बागपत में एएसपी ने दी महत्वपूर्ण सलाह**

अमन लेखनी समाचार



बागपत, राष्ट्र वंदना चौक पर यातायात माह का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) प्रवीण कुमार चौहान ने छात्र-छात्राओं को सुरक्षित यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया और सड़क सुरक्षा को जीवन सुरक्षा बताया। समारोह की शुरूआत छात्र-छात्राओं के स्वागत से हुई। एएसपी प्रवीण कुमार चौहान ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्रों को भविष्य के यातायात मित्र बताते हुए नियमों के पालन को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की। कार्यक्रम में छात्रों को हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, सड़क पार करते समय जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन से दूरी बनाए रखना, निर्धारित गति सीमा का पालन करना और ओवरलोडिंग व स्टंटिंग से बचने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी जोर दिया गया। एएसपी ने चेतावनी दी कि छोटी-सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है। उन्होंने सभी से ट्रैफिक सिग्नल और यातायात नियमों का सम्मान करने की आवश्यकता पर बल दिया। छात्रों ने भी सड़क सुरक्षा की शपथ ली और नियमों का पालन करने के साथ-साथ दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया। बागपत पुलिस ने सड़क सुरक्षा से जुड़ी जानकारी को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे छात्रों में उत्साह देखा गया।

# एलपीजी सिलेंडर से भरा टैंपो पलटा

**चालक घायल, ब्लास्ट या लीकेज नहीं; हाईस्पीड बनी वजह**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, भंगेल एलिवेटेड पर दोपहर को एक टैंपो पलट गया। वाहन में एलपीजी गैस सिलेंडर भरा हुआ था। तेज गति के कारण चालक नियंत्रण खो बैठा और टैंपो पलट गया। हालांकि, गनीमत रही कि पीछे रखे सिलेंडर न तो फटे और न ही लीकेज हुए, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। टैंपो का चालक घायल हो गया और उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उसकी स्थिति को स्थिर बताया। घटना के दौरान एलिवेटेड पर थोड़ी देर के लिए यातायात बाधित रहा। टैंपो को साइड किया गया, जिसके बाद यातायात सुचारु हो सका। एलिवेटेड की अधिकतम गति 60 किमी/घंटा तय की गई है, और जल्द ही वहां सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। एलिवेटेड से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत सड़क पर उतरकर टैंपो को सीधा किया और सिलेंडर को सुरक्षित स्थान पर रख दिया। उनका यह प्रयास बड़े हादसे को रोकने में सहायक साबित हुआ। घटना में चालक के अलावा किसी और को चोट नहीं लगी। अधिकारियों ने कहा कि एलिवेटेड के दोनों तरफ घनी आबादी होने के कारण नियमों का पालन और सुरक्षा उपायों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है।

# बेटे की मौत के बाद मां ने दम तोड़ा

- कविनगर से शादी में शामिल होकर लौट रहा था बेटा, कार ने मारी टक्कर

अमन लेखनी समाचार



लोनी, सिहानी गेट थाना क्षेत्र में नया गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के पास एक्सीडेंट हो गया। दिल्ली निवासी दौलतराम (42) अपने फूफा बिजेंद्र (70) के साथ एक शादी समारोह से लौट रहे थे। जैसे ही दोनों रेलवे फाटक के पास पहुंचे, पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल दौलतराम को राहगीरों की मदद से निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में उनके फूफा बिजेंद्र गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। जब यह खबर दौलतराम के परिवार तक पहुंची, तो उनके घर में कोहराम मच गया। परिवार गाजियाबाद पहुंचने की तैयारी कर ही रहा था कि दौलतराम की मां सुमन (60) यह सदमा बर्दाश्त नहीं कर सकीं और उनकी भी मौत हो गई।

परिवार के दो-दो सदस्यों की मौत से घर में मातम पसरा है। दौलतराम के साडू भाई राजकुमार ने बताया कि दौलतराम दिल्ली के नांगलोई में अपने परिवार के साथ रहते थे। वे बिंदी बनाने का काम करते थे। परिवार में मां-पिता, पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं। राजकुमार के मुताबिक, दौलतराम बेहद सरल और शांत स्वभाव के व्यक्ति थे, लेकिन तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग ने उनकी जिंदगी छीन ली। फिलहाल पुलिस ने दौलतराम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद पुलिस फरार कार चालक की तलाश कर रही है।

इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि आरोपी वाहन और चालक की पहचान की जा सके।

# रिक्रूट आरक्षियों का सैनिक सम्मेलन

**एएसपी ने दिए मार्गदर्शन और नए कानूनों की जानकारी**

अमन लेखनी समाचार



बागपत, पुलिस लाइन के नटराजन बहुउद्देशीय हॉल में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार चौहान ने रिक्रूट आरक्षियों के लिए एक सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य नव प्रशिक्षु आरक्षियों को पुलिस सेवा के मूलभूत सिद्धांतों, प्रशिक्षण की आवश्यकताओं और भविष्य की जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना था। अपर पुलिस अधीक्षक ने सम्मेलन के दौरान आरक्षियों को उनकी दैनिक दिनचर्या, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और व्यावहारिक प्रशिक्षण के महत्व पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने जोर दिया कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति दायित्व निभाने का माध्यम है, जिसके लिए निरंतर आत्म-सुधार और संवेदनशीलता आवश्यक है। एएसपी ने आरक्षियों द्वारा बताए गए सुझावों और समस्याओं को भी गंभीरता से सुना। उन्होंने उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। प्रशिक्षण अवधि में आने वाली चुनौतियों पर भी चर्चा की गई, ताकि आरक्षियों को भविष्य के लिए मानसिक और व्यावहारिक रूप से तैयार किया जा सके। कार्यक्रम में देश में हाल ही में लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानूनों–भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023–की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। एएसपी ने इन कानूनों के मुख्य बिंदुओं, बदलावों और प्रभावी अनुपालन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए रिक्रूट आरक्षियों से इनके गहन अध्ययन की अपील की। अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार चौहान ने अपने समापन संदेश में कहा कि एक सक्षम पुलिसकर्मी वही है जो अनुशासन के साथ जनता के प्रति संवेदनशीलता, सत्यनिष्ठा और सेवा भाव रखता हो।

उन्होंने सभी रिक्रूट आरक्षियों को अपेक्षित मानकों पर खरा उतरने और पुलिस विभाग की गरिमा बनाए रखने का संकल्प दिलाया।

# किसानों का कलेक्ट्रेट ऑफिस पर प्रदर्शन

**भू-माफिया और पूर्व प्रधान पर जमीन और सरकारी रास्ता हड़पने का आरोप**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, आजमपुर गांव के किसानों ने अपनी कृषि भूमि और 60 साल पुराने सरकारी रास्ते पर अवैध कब्जे के खिलाफ कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप है कि भू-माफिया और अरनावली गांव के पूर्व प्रधान ने मिलकर उनकी जमीन और रास्ता हड़प लिया। आजमपुर के सतपाल शर्मा, अमरीश शर्मा, नंदकिशोर शर्मा, सचिन शर्मा और योगेश शर्मा ने बताया कि उनकी अरनावली क्षेत्र में कृषि भूमि है, जिसे रोहटा रोड से सरकारी रास्ता जोड़ता है। प्रॉपर्टी डीलर हरमिंदर और मोहित ने पूर्व प्रधान मनोज शर्मा के साथ मिलकर जमीन पर प्लॉटिंग की कोशिश की। किसानों के अनुसार, जब मुकेश शर्मा और कृष्ण शर्मा ने जमीन बेचने से इनकार किया, तो उनके खेतों में जाने वाले रास्ते को नष्ट कर दिया गया। सतपाल शर्मा के खेत में जाने वाले सरकारी रास्ते को भी विस्थापित कर पश्चिम दिशा में ले जाया गया। सतपाल शर्मा ने सरकारी नक्शे (सिजरे) दिखाकर विरोध किया, लेकिन लेखपाल सौरभ ने डीलरों और पूर्व प्रधान द्वारा रास्ता विस्थापित करने को सही ठहराया। उनका कहना था कि किसानों द्वारा प्रस्तुत नक्शे में कोई दोष है। गांव वालों के विरोध के बाद डीलर हरमिंदर ने सतपाल शर्मा की जमीन को लेकर चर्चा बंद कर दी।

# साइबर क्राइम सेल की कार्रवाई

**9 ऑनलाइन धोखाधड़ी पीड़ितों को मिली राहत**

अमन लेखनी समाचार




बागपत, साइबर क्राइम पुलिस ने हाल ही में ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 9 पीड़ितों से ठगे गए कुल 7,82,570 रुपये वापस दिलवाए हैं। साइबर क्राइम पुलिस के अनुसार, धोखेबाज विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया का उपयोग कर लोगों को ठग रहे थे। पीड़ितों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने संदिग्धों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया। बागपत के एसएसपी ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य डिजिटल अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना और आम जनता को ऑनलाइन लेनदेन में सुरक्षित रखना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी अज्ञात स्रोत से आए संदेश या कॉल पर अपने बैंक विवरण या ओटीपी साझा न करें। साइबर क्राइम टीम ने पीड़ितों को उनका धन वापस दिलवाने के साथ-साथ भविष्य में ऐसी धोखाधड़ी से बचाव के लिए जागरूकता भी बढ़ाई है। टीम लगातार ऑनलाइन अपराधों की निगरानी कर रही है और समय-समय पर डिजिटल सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण व सेमिनार आयोजित करती है। इस अभियान के तहत, पुलिस ने तकनीकी उपकरणों का उपयोग कर डिजिटल साक्ष्य एकत्र किए और अपराधियों के ऑनलाइन लेनदेन का विस्तृत ब्योरा जुटाया। इस कार्रवाई से न केवल पीड़ितों को उनका पैसा वापस मिला, बल्कि अन्य संभावित अपराधियों को भी एक कड़ा संदेश गया।

# महिला थाना के परामर्श केंद्र ने सुलझाए 24 विवाद

- बागपत पुलिस ने परिवारों को जोड़ा, साथ रहने में दंपति सहमत

अमन लेखनी समाचार



बागपत, महिला थाना और परिवार परामर्श केंद्र ने 'परिवार परामर्श केंद्र' कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य परिवारों के बीच उत्पन्न विवादों को सुलझाना और उन्हें एकजुट करना है। इस कार्यक्रम के तहत कुल 24 परिवारों के विवादों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों पर गंभीरता से संज्ञान लिया गया। प्रत्येक मामले में महिलाओं और परिवार के अन्य सदस्यों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया। विशेषज्ञ सलाहकारों और महिला थाना अधिकारियों ने तटस्थ दृष्टिकोण अपनाते हुए समाधान सुझाए, साथ ही परस्पर समझ और सहयोग का महत्व समझाया। परामर्श केंद्र ने विवादों के निस्तारण के साथ-साथ परिवारों को भावनात्मक और कानूनी सहायता भी प्रदान की। उन्हें संवाद, सहमति और समझौते के माध्यम से घरों में शांति बनाए रखने के सुझाव दिए गए। केंद्र ने महिलाओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। घरेलू हिंसा से बचाव के उपायों पर भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का समापन सभी परिवारों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ। महिला थाना और परामर्श केंद्र ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे, जिसका उद्देश्य परिवारों के बीच विश्वास और सामंजस्य को बढ़ाना है। यह पहल दर्शाती है कि बागपत महिला थाना और महिला परामर्श केंद्र घरेलू कलह कम करने तथा महिलाओं व परिवारों के अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय हैं। इससे पारिवारिक संबंध मजबूत होने के साथ-साथ सामाजिक शांति और सुरक्षा में भी वृद्धि होगी।

# बिलग्राम बार एसोसिएशन ने अधिवक्ता दिवस पर आयोजित की विचार गोष्ठी

### वरिष्ठ अधिवक्ताओं का किया गया भव्य सम्मान

अमन लेखनी समाचार

बिलग्राम, हरदोई। अधिवक्ता दिवस के अवसर पर बिलग्राम बार एसोसिएशन द्वारा अधिवक्ता सभागार में एक गरिमापूर्ण विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट जाबिर हुसैन ने की। सभागार में बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता लालाराम शुक्ला, सुरेश चंद्र तिवारी, देवी प्रसाद कुशवाहा, बांके लाल, मकबूल फारूकी, फैयाज वारसी सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ता न्याय के मंदिर के मजबूत स्तंभ हैं। मुवक्किल के हक की रक्षा करना और उसे न्याय दिलाने के लिए ईमानदारी व निष्ठा से काम करना अधिवक्ता का परम कर्तव्य है। सभी ने अधिवक्ता समाज में एकता, अनुशासन और संगठन की मजबूती पर बल दिया। इस दौरान भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं महान अधिवक्ता डॉ. राजेंद्र प्रसाद को श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. प्रसाद ने अपने सिद्धांतों, देशसेवा और ईमानदारी से अधिवक्ता समुदाय को हमेशा प्रेरणा दी है। समारोह के दूसरे चरण में सम्मान समारोह आयोजित हुआ। अध्यक्ष जाबिर हुसैन ने वरिष्ठ अधिवक्ता मिहीलाल राठौर को शॉल उढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं संरक्षक सुरेश चंद्र तिवारी, बांके लाल, फैयाज वारसी और मकबूल फारूकी को स्मृति शील्ड भेंट कर सम्मान प्रकट किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिवक्ताओं ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वे सत्य, न्याय और समाज सेवा के पथ पर डटकर चलते रहेंगे तथा अधिवक्ता दिवस की गरिमा को सदैव बनाए रखेंगे।

# विज्ञान वर्तमान युग की आधार शिला है - सुधा वर्मा

सलोन, राय बरेली। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय सलोन में विकास खंड स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी सुधा कुमारी वर्मा के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा निवृत्त शिक्षक मो. इस्माइल खान ने की। एआरपी गौरव शर्मा और कृष्ण कुमार वैश्य ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। ब्लॉक के सभी उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों के तीन तीन बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। खंड शिक्षा अधिकारी सुधा कुमारी वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि ₹विज्ञान वर्तमान युग की आधारशिला है। विज्ञान से ही मानव तरक्की के मार्ग पर बढ़ रहा है। ₹शिक्षिका प्रियंवदा पांडेय ने बताया कि लिखित परीक्षा और मौखिक क्विज में उत्तीर्ण बच्चों को जनपद स्तरीय प्रतियोगिता हेतु प्रतिभाग करना होगा। दस चयनित विद्यार्थियों में से अंशी, दिव्या, कोमल, गुड़िया, हिमांशी जनपदीय क्विज प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगी

# बिलग्राम में हजरत सैय्यद शाह ताहिर अली नसीरी रह. का सालाना उर्स धूमधाम से मनाया गया

अमन लेखनी समाचार

बिलग्राम, हरदोई। खानकाह-ए-नसीरिया चिश्तिया में हजरत मखदूम-ए-बिलग्राम सैय्यद शाह ताहिर अली नसीरी चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स बड़ी अक ीदत और मुहब्बत के साथ मनाया गया। इस खुशगवार और रूहानी महौल में हजारों जायरीन और मुरीदीन ने शिरकत की। उर्स की शुरूआत फज्र की नमाज के बाद तिलावत-ए-कुरआन और दुआ से हुई। सुबह 10 बजे गुस्ल-शरीफ की रस्म अदा की गयी। इसके बाद दिन भर महफि ल-ए-समाअ का खूबसूरत प्रोग्राम चला, जिसमें सज्जादानशीन खानकाह-ए-नसीरिया सैय्यद शाह मोहम्मद अफसर अली नसीरी चिश्ती और सरपरस्त सैय्यद करम नसीर साहब जलवा-अफरोज रहे। महफि ल-ए-समाअ में मशहूर कव्वाल राजू मुरली और शबी नसीरी कव्वाल ने अपनी सुरीली कव्वालियों से समाअ बांध दिया और मौजूद लोगों को वज्द की हालत में पहुंचा दिया। कव्वाली के बाद हजरत के दरगाह पर लंगर-ए-आम बांटा गया, जिसमें दूर-दराज से आए जायरीन ने खूब शिरकत की। उर्स में खास तौर पर शफीपुर शरीफ से हजरत मखदूम शाह सफी रह. की दरगाह के सज्जादानशीन हजरत नवाज़िश मियां उर्फ समधी मियां पधारे और अपनी हाज़िरी दर्ज कराई। इसके अलावा सैय्यद काशिफ अली नसीरी, सैय्यद औसाफ अली नसीरी, सैय्यद नदीम अली नसीरी, सैय्यद बासिर मियां, सैय्यद दानिश नसीरी, अबरार नसीरी, वहीद नसीरी, इखलाक नसीरी, हुरमत नसीरी, मतीन मियां, मांजू नसीरी सहित तमाम अहल-ए-खानदान और मुरीदीन मौजूद रहे। आखिर में सज्जादानशीन सैय्यद अफसर मियां साहब कि ब्ला ने खास दुआ कराई, जिसमें मुल्क व मिल्लत की सलामती, अमन-ओ-अमान और हजरत के फजल-ओ-करम की दुआ मांगी गई।

# दहिसर पश्चिम वार्ड 8 में विकास कार्य का उद्घाटन हुआ

अमन लेखनी समाचार



मुंबई : दहिसर विधानसभा विधायक मनीषा चौधरी के स्थानिक विकास कार्यों में दहिसर पश्चिम की बालकृष्ण इमारत का परिसर अत्यंत जर्जर अवस्था में था। इसी वार्ड 8 में रहनेवाली उत्तर मुंबई भाजपा प्रचार प्रसिद्धि प्रमुख नीला कनुभाई राठोड़ सोनी का सोसायटी के अध्यक्ष / सचिव समीर भाई पंड्या और समीर भाई महता ने संपर्क किया। अपनी आवश्यकता और जर्जर परिसर के कारण रोजमर्रा की असुविधाएं बताई। नीला बेन ने तुरंत यह विषय से स्थानिक विधायिका मनीषा ताई को अवगत कराया। पूरी बात सुनने के बाद नीला बेन को शीघ्र काम हाथ में लिया जाएगा ऐसा सांत्वन दिया गया। अक्टूबर में बात होने पश्चात वास्तव में एक महीने की अवधि में बालकृष्ण सोसायटी का कायाकल्प कर दिया गया। इस अवसर पर एक शानदार उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। रविवार 30 नवंबर को वि. मनीषा चौधरी के शुभ हस्ते उद्घाटन किया गया। बालकृष्ण सोसायटी के पदाधिकारी द्वारा वि. मनीषा चौधरी, नीला कनुभाई राठोड़, स्थानिक माजी नगरसेवक हरीश छेड़ा जी, दहिसर भाजपा अध्यक्ष शशिकांत कदम, महासचिव श्रीधर पाटिल और वार्ड अध्यक्ष स्वप्निल जाधव का पुष्पगुच्छ शाल से सत्कार किया। वार्ड क्रमांक 8 दहिसर पश्चिम की इस सोसायटी के और परिसर के नागरिकों का सर्वदा अत्यंत सराहनीय सहयोग भाजपा को रहा है ऐसा नीला बेन ने अपने भाषण में कहा। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों का सत्कार वि. मनीषा चौधरी के हस्ते हुआ। दहिसर पश्चिम उपाध्यक्ष पीयूष उपाध्याय, वार्ड 8 की महासचिव वैशाली त्रिवेदी, महिला मोर्चा अध्यक्ष पायल गुंड, उत्तराखंड प्रकोष्ठ अध्यक्ष यशोदा रावत, आदिवासी प्रकोष्ठ पूनम सरनाईक, प्रफुल्ला ठाकर, रश्मि पोलाडिया, अंकिता चौधरी सावे, संगीता जाधव, सचिन और कई पदाधिकारी एवं स्थानिक नागरिक इस अवसर पर उपस्थित थे। उदघाटन के पश्चात नीला बेन कनुभाई राठोड़ के आयोजन में सभी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी का देश के साथ संवाद ₹मन की बात₹ एक साथ बैठकर सुना। बालकृष्ण सोसायटी के सदस्यों ने नीला बेन को और विधायिका मनीषा ताई चौधरी को धन्यवाद दिया।

## खास समाचार

### युवती ने घर में फांसी लगाकर की खुदकुशी..

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां, हरदोई। सुनासी मढ़िया में युवती ने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव सुनासी मढ़िया निवासी भैया लाल पुत्र हेमंचल ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री रेनू उम्र 18 वर्ष ने बुधवार की सुबह 11 बजे घर के बरामदे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में कोतवाल शिवाकांत पांडे ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। जांच की जा रही है।

### किशोरियों को बहला फुसलाकर भगाने पर चार पर रिपोर्ट

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां, हरदोई। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी दो पिताओं ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि एक दिसंबर को सुबह 9 बजे स्कूल के लिए हम दोनों लोगों की किशोरियां निकली थी। लेकिन शाम तक दोनों वापस घर नहीं लौंटी तो खोज शुरू की कही पता नहीं चला। हम लोगों को शक है कि गांव के रहने वाले चार लोग बहला फुसलाकर भगा ले गए हैं। एक की पुत्री 50 हजार रुपए भी ले गई है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है कांग्रेस कमेटी हरदोई की मासिक बैठक में रकफ प्रक्रिया की समीक्षाःहेल्पलाइन नंबर जारी

### पारिवारिक विवाद में हमला: चचेरे भाई को किया घायल, आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। पारिवारिक विवाद के चलते थाना अरवल क्षेत्र के ग्राम शेखपुर में रामजी पुत्र सोनपाल नामक व्यक्ति ने अपने चचेरे भाई अनंतराम पुत्र धर्मपाल पर तबल/गडासे से हमला कर दिया और उसे घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। घायल अनंतराम को तुरंत उपचार के लिए चिकित्सालय भेजा गया। इस संबंध में ऊषा पत्नी धर्मपाल राठौर निवासी ग्राम शेखपुर की तहरीर के आधार पर थाना अरवल में मुकदमा पंजीकृत किया गया। ?थाना अरवल पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अभियोग से संबंधित नामजद अभियुक्त रामजी पुत्र सोनपाल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अदद तबल/गडासा (आलाकत्ल) भी बरामद किया है। मामले में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

### रामलीला महोत्सव बावन: रावण वध आयोजन में पुलिस सहयोग शून्य, व्यवस्था पर उठे सवाल

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। स्थानीय बावन क्षेत्र में आयोजित रामलीला महोत्सव के दौरान रावण वध के बड़े आयोजन में पुलिस प्रशासन के सहयोग की घोर कमी देखने को मिली, जिससे व्यवस्था चरमरा गई। रावण वध के इस प्रमुख कार्यक्रम में हजारों की संख्या में दर्शक भीड़ मौजूद थी, लेकिन सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस बल का सहयोग नाम मात्र का रहा। मिली जानकारी के अनुसार, मौके पर उप-निरीक्षक (एसआई) दिनेश मिश्र और ओपी बिंद के अलावा पुलिस विभाग का कोई अन्य कर्मचारी मेले में उपस्थित नहीं था। भीड़ की भारी संख्या को देखते हुए, आयोजकों और स्थानीय नागरिकों ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। मौजूदा स्थिति पर रोष व्यक्त करते हुए, लोगों ने स्पष्ट किया है कि यदि भीड़ के बीच कोई भी अप्रिय घटना या दुर्घटना होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस विभाग की होगी। स्थानीय आयोजकों ने पुलिस प्रशासन से तत्काल अतिरिक्त बल तैनात करने की मांग की है ताकि शेष बचे आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सकें।

### कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। जिला कांग्रेस कमेटी हरदोई की मासिक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय में संपन्न हुई, जिसमें चुनाव आयोग द्वारा संचालित प्रक्रिया की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक का मुख्य फोकस बूथ स्तर पर कांग्रेस के बूथ लेवल एजेंटों की सक्रियता और सहयोग पर रहा। नागरिकों की सुविधा के लिए, कमेटी ने एक हेल्पलाइन नंबर 05852-299188 जारी किया है, जिस पर हरदोई जनपद का कोई भी नागरिक प्रक्रिया से संबंधित समस्या के लिए संपर्क कर सकता है। प्रत्येक विधानसभा के लिए अलग हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए। आगे की कार्यवाही के तहत, आगामी 7 दिसंबर को हरदोई, सवाजपुर और सांडी विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के बूथ लेवल एजेंटों के साथ समीक्षा और प्रशिक्षण बैठकें आयोजित की जाएंगी। जिला कमेटी ने सभी पदाधिकारियों से प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और आम जनता को सहयोग देने की अपील की, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह, अजीत सिंह चंदेल, महासचिव राजेंद्र वर्मा, रूपलाल कोरी, प्रेम प्रकाश वर्मा सहित कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।


### धान खरीद में भ्रष्टाचार पर मुख्यमंत्री को ज्ञापन: 10 दिसंबर से आमरण अनशन की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। जिले में धान खरीद में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर भारतीय किसान संघ, भारतीय मजदूर संघ, स्वदेशी जागरण मंच और अन्य सामाजिक संगठनों ने जनपद हरदोई में वर्ष 2025 की धान खरीद में व्याप्त व्यापक भ्रष्टाचार और किसानों के शोषण को लेकर मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश को ज्ञापन सौंपा है। संगठनों ने आरोप लगाया है कि हरदोई के खाद्य विभाग के कुछ कर्मचारियों मनोज शर्मा, धर्मेंद्र चौधरी, विनय और जिला प्रबंधकों अमित, विवेक यादव ने मिलकर धान क्रय केंद्रों को दलालों को बेच दिया।

# जेएनपीए कार्यशाला ने गोदी सुरक्षा और खतरनाक रसायनों से निपटने की तैयारी को मजबूत किया

अमन लेखनी समाचार



नवी मुंबई : जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण (जेएनपीए) ने श्रम एवं रोजगार मंत्रालय (एमओएलई) और डीजीएफएएसएलआई के सहयोग से शुक्रवार को गोदी सुरक्षा और खतरनाक रसायन हैंडलिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें बंदरगाह अधिकारियों, टर्मिनल ऑपरेटरों, सुरक्षा पेशेवरों और आपातकालीन प्रत्युत्तरदाताओं को खतरनाक कार्गो परिचालनों के लिए तैयारियों को मजबूत करने के लिए एक साथ लाया गया। जेएनपीए बिजनेस फैसिलिटेशन सेंटर में आयोजित यह कार्यशाला राष्ट्रव्यापी क्षमता निर्माण पहल का हिस्सा है जिसका उद्देश्य सुरक्षा मानकों को बढ़ाना और भारतीय बंदरगाहों पर अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं का अनुपालन सुनिश्चित करना है। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों के नेतृत्व में तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें खतरनाक पदार्थों के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नियम, खतरनाक कार्गो हैंडलिंग में क्षमता और पर्यवेक्षण, विकिरण सुरक्षा और तैयारी, रासायनिक खतरे की रोकथाम और चिकित्सा आपातकालीन शमन पर चर्चा की गई। कार्यशाला में एईआरबी के अध्यक्ष दिनेश कुमार शुक्ला, एनडीएमए के पूर्व सदस्य डॉ. डी. एन. शर्मा, डीजीएफएएसएलआई के उप महानिदेशक सुमित रॉय, आईआईटी बॉम्बे के प्रोफेसर डॉ. संदीप रॉय और जेएनपीए के उप संरक्षक कैप्टन बालासाहेब पवार सहित वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों ने एईआरबी, बीएआरसी, आईआईटी बॉम्बे और डीजीएफएएसएलआई के तकनीकी विशेषज्ञों के साथ भाग लिया। वक्ताओं ने बंदरगाह के वातावरण में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कुशल जनशक्ति, मजबूत निगरानी प्रणाली और घटना-प्रतिक्रिया योजना की आवश्यकता पर बल दिया। विशेषज्ञों ने जोखिम पहचान, पर्यवेक्षी उत्कृष्टता, विकिरण सुरक्षा प्रोटोकॉल और प्रथम प्रतिक्रिया चिकित्सा समन्वय को सुरक्षित बंदरगाह संचालन के आवश्यक घटकों के रूप में रेखांकित किया। 1989 में स्थापित, जेएनपीए भारत का सबसे बड़ा कंटेनर बंदरगाह है और सामान्य कार्गो, तरल कार्गो और तटीय बर्थ के साथ-साथ पाँच कंटेनर टर्मिनलों का संचालन करता है। यह बंदरगाह 277 हेक्टेयर में फैले एक बहु-उत्पाद विशेष आर्थिक क्षेत्र (रऐ) का भी प्रबंधन करता है और आगामी वधावन बंदरगाह का विकास कर रहा है, जिसे भारत का 13वाँ प्रमुख और पहला 100% हरित बंदरगाह माना जा रहा है।

# एनएमएमसी ने प्रदूषण विरोधी अभियान तेज किया, सर्दियों में स्वच्छ हवा के लिए सार्वजनिक सलाह जारी की

अमन लेखनी समाचार



नवी मुंबई : नवी मुंबई नगर निगम (एनएमएमसी) ने शहर भर में प्रदूषण विरोधी पहल को तीव्र किया है और नागरिकों से सर्दियों के महीनों के दौरान वायु प्रदूषण में वृद्धि को रोकने के उद्देश्य से उपायों का समर्थन करने की अपील की है। यह नागरिक कार्रवाई नगर आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे द्वारा जारी निर्देशों के अनुसरण में की गई है, जिन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को व्यापक सफाई और धूल नियंत्रण अभियान चलाने का निर्देश दिया था। इस अभियान के तहत, वार्ड कार्यालयों ने गहन सफाई अभियान शुरू कर दिया है, प्रमुख सड़कों से मिट्टी और मलबा हटाया जा रहा है और सड़कों को उपचारित पानी से धोया जा रहा है। निगम हवा में धूल के कणों को दबाने के लिए उपचारित पानी का छिड़काव करने के लिए एनकैप वाहनों का भी इस्तेमाल कर रहा है। वार्ड स्तर पर गठित विशेष टीमें प्रदूषण नियंत्रण मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निर्माण स्थलों, खदानों और रेडी-मिक्स कंक्रीट (आरएमसी) संयंत्रों पर कड़ी निगरानी रख रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि उल्लंघन करने वालों पर जुमार्ना लगाया जा रहा है और चिन्हित कमियों को दूर न करने वाली साइटों को अस्थायी रूप से बंद किया जा रहा है। एनएमएमसी ने एक सार्वजनिक परामर्श भी जारी किया है जिसमें घरों, संस्थानों और नागरिकों से अपेक्षित उपायों की रूपरेखा दी गई है। निगम ने निवासियों से दैनिक कचरे को अलग करने और पुनर्चक्रण को प्राथमिकता देने, एलईडी लाइटों, ऊर्जा-कुशल उपकरणों और सौर ऊर्जा का उपयोग बढ़ाने और एलपीजी, सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करने का आग्रह किया है। नागरिकों को छोटी दूरी के लिए साइकिल चलाने या पैदल चलने, जहां तक ??संभव हो सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने, उत्सर्जन कम करने के लिए अपने वाहनों की नियमित रूप से सर्विसिंग कराने तथा अपने आसपास कम से कम एक पेड़ लगाने और उसकी देखभाल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। नगर निगम ने निवासियों को पत्ते, प्लास्टिक या किसी भी प्रकार का कचरा जलाने के प्रति आगाह किया है और कहा है कि इससे निकलने वाला धुआँ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। निर्माण स्थलों को एनएमएमसी के ध्वनि और वायु प्रदूषण मानदंडों के साथ-साथ विस्फोटों से संबंधित मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है। निगम ने खुले स्थानों पर मलबा डालने के खिलाफ चेतावनी दी तथा औद्योगिक इकाइयों को प्रदूषण नियंत्रण नियमों का पालन करने की याद दिलाई। नागरिकों को पटाखों के अनावश्यक उपयोग से बचने, बेकरी और होटलों में कोयले का उपयोग बंद करने, पुराने दो-स्ट्रोक इंजन उपकरणों से बचने और सार्वजनिक परिवहन का विकल्प चुनकर निजी वाहनों पर निर्भरता कम करने की भी सलाह दी गई है। एनएमएमसी के एक अधिकारी ने चल रहे प्रयासों पर टिप्पणी करते हुए कहा, ₹सर्दियों के दौरान वायु की गुणवत्ता बिगड़ जाती है, और प्रदूषण को और बढ़ने से रोकना एक साझा ज़िम्मेदारी है। निगम ने प्रवर्तन और निवारक उपायों को तेज कर दिया है, लेकिन स्थायी सुधार तभी संभव है जब नागरिक सक्रिय रूप से सहयोग करें। हम हर नवी मुंबईवासी से दिशानिदेर्शों का पालन करने और शहर की हवा को

# 26दिन बाद भी किशोरी से गैंगरेप का मुख्य आरोपी प्रधान पुत्र फरार

### पीड़िता के भाई ने राज्य महिला आयोग से की फरियाद

### आयोग ने अभिलेख तलब किये

अमन लेखनी समाचार

हरपालपुर, हरदोई। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के साथ गैंगरेप करने का आरोपी प्रधान पुत्र 26दिन बाद भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। पीड़िता के भाई ने राज्य महिला आयोग से आरोपी की गिरफ्तारी की फरियाद की है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश में छापेमारी की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के भाई ने एसपी के आदेश बीते 7नवंबर को दर्ज कराई गयी रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी प्रधान पुत्र शोभित ने घर आकर उसके साथ दुष्कर्म किया। मकान के निर्माण में लगे मिस्त्री अरविंद निवासी कतरनापुर व लेबर कमलेश निवासी श्यामपुर ने उसे देख लिया। इसके बाद आरोपी प्रधान पुत्र शोभित ने कमलेश व अरविंद के साथ भी सामूहिक दुष्कर्म करवाया। जिसका उसने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। एसपी के आदेश पर काफी जद्दोजेहाद के बाद हरपालपुर पुलिस ने तीनों आरोपियों पर गैंगरेप का मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने नामजद आरोपी मिस्त्री कमलेश व लेवर अरविंद को फिर जाने के दूसरे दिन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि आरोपी प्रधान पुत्र शोभित अभी भी फरार है। पीड़ता के भाई ने राज्य महिला आयोग को शिकायती पत्र भेजकर आरोप लगाया कि आरोपी प्रधान पुत्र खुलेआम घूम कर अपने समर्थकों के साथ उसके उसके परिवार को जान माल की धमकी दे रहा है। उसने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। शिकायती पत्र पर राज्य महिला आयोग ने एसपी हरदोई को पत्र भेजकर 11 दिसंबर को समस्त अभिलेखों के साथ एसपी की ओर से नामित अधिकारी को तलब किया है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कि आरोपी की तलाश में छापेमारी की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# नगर पंचायत नगर क्षेत्र के दुर्घटना पीड़ितों का होगा निःशुल्क इलाज

### पीपीपी मॉडल पर बस्ती हेल्थ क्लब के सहयोग से संचालित होगी योजना- नीलम सिंह

### धन के अभाव में अब नहीं जायेगी किसी पीड़ित की जान

अमन लेखनी समाचार

बस्ती। नगर पंचायत नगर अपने क्षेत्र के दुर्घटना पीड़ितों का निःशुल्क इलाज कराएगा। भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद जी के जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने योजना का उद्घाटन किया। 24 घंटे मिलने वाली इस योजना को पीपीपी मॉडल पर ह्यबस्ती हेल्थ क्लबह्न के सहयोग से संचालित किया जाएगा। अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने कहा कि अब पैसे के अभाव में किसी दुर्घटना पीड़ित की जान नहीं जाने पाएगी। नगर पंचायत नगर का निवासी कोई भी दुर्घटना पीड़ित आवश्यकतानुसार इसका लाभ उठा सकता है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के मार्ग दुर्घटना पीड़ित नागरिकों के बस्ती जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में पहुंचने पर जो भी दवाएं, इंजेक्शन, जांच आदि वहां उपलब्ध नहीं होगा उसकी व्यवस्था नगर पंचायत करेगी। यह सुविधा पीड़ित के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती रहने तक जारी रहेगी। दवाओं के लिए गोविंद कुमार, मित्रम मेडिकल स्टोर जिला अस्पताल बस्ती गेट न० 01 मोबाइल नंबर 9450570478, 7985077570, श्री अमन गुप्ता अमन मेडिकल स्टोर जिला महिला अस्पताल के सामने मोबाइल नंबर 7985151846, 8543094128 तथा पैथोलॉजी जांच के लिए राकेश शर्मा, शुभ पैथोलॉजी जिला चिकित्सालय बस्ती गेट नंबर 01 के सामने मोबाइल नंबर 9260927883 तथा अन्य जांचों के लिए मुकेश मिश्रा मोबाइल नंबर 7233918210 जटा शंकर तिवारी मोबाइल 7388687028, सुश्री सीता गौड़ मोबाइल नंबर 6391404630 ओझा डायग्नोस्टिक सेंटर निकट जिला अस्पताल कैली रोड बस्ती से संपर्क किया जा सकता है। श्रीमती राना ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र के राष्ट्रीय राज मार्ग पर अक्सर मार्ग दुर्घटनाएं होती रहती है ऐसे में यह पीड़ितों विशेषकर गरीबों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। इसके पहले गरीब मरीजों और जरूरतमंदों के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष विवेकाधीन कोष, गरीब परिवारों में निधन पर निःशुल्क शव वाहन की सुविधा, श्री राम धाम निःशुल्क यात्रा, प्रत्येक माह वृद्ध जन सम्मान, मासिक योग शिविर, हर माह विशेष स्वच्छता अभियान जैसी जनहितकारी योजनाएं संचालित करने वाली नगर देश की पहली नगर पंचायत बन गई है। उत्तर प्रदेश राज्य पंचायत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राना दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि नगर को देश का मॉडल नगर पंचायत बनाने के लिए को जुटना होगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा में नगर पंचायत नगर अग्रणी भूमिका होनी चाहिए।

# तहसील में सरकारी अभिलेखों में प्राइवेट कर्मियों का कब्जा?

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोई। तहसील शाहाबाद में सरकारी कामकाज पर प्राइवेट व्यक्तियों का दखल तेजी से बढ़ता जा रहा है। उप जिलाधिकारी कार्यालय से लेकर तहसीलदार और नायब तहसीलदार कार्यालय तक कई ऐसी शाखाएँ हैं, जहाँ संवेदनशील और महत्वपूर्ण कार्यों को निजी लोगों के सहारे चलाए जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। इससे सरकारी अभिलेखों की सुरक्षा और न्यायिक कार्यप्रणाली की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

सूत्रों का दावा है कि तहसील में दर्जनों प्राइवेट कर्मचारी न केवल रूटीन फाइलों को संभालते है, बल्कि राजस्व वादों की नकल लगाने, हलफनामा तैयार करने और यहां तक कि एसडीएम कोर्ट में जमानत से जुड़े कामों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। फाइलों के मूवमेंट से लेकर आदेश तैयार करने तक कई प्रक्रियाएं इनके जिम्मे होने की बात सामने आई है। इससे दस्तावेजों की गोपनीयता और रिकॉर्ड की सुरक्षा पर खतरा मंडराने लगा है।

स्थानीय नागरिकों और का कहना है कि सरकारी कर्मचारियों की कमी का बहाना बनाकर प्राइवेट लोगों को संवेदनशील काम सौंप देना नियमों के विपरीत है। न्यायिक शाखा में बाहरी व्यक्तियों की पहुंच न केवल अनुचित है, बल्कि इससे किसी भी समय अभिलेखों में छेड़ ?छाड़ या फेरबदल की आशंका बनी रहती है। कई वादकारियों ने यह भी शिकायत की है कि फाइलों के गायब होने, पन्ने बदलने और काम में देरी के मामलों में प्राइवेट कर्मचारियों की भूमिका पर संदेह गहराता जा रहा है। लोगों का कहना है कि न्यायिक प्रकृति वाले कार्यों में निजी व्यक्तियों की भूमिका ₹न्याय व्यवस्था की मयार्दा के खिलाफ है। साथ ही यह भी आरोप है कि तहसील में बिना अनुमति घूम रहे लोग वादकारियों के मामलों में अनधिकृत हस्तक्षेप कर रहे है, जिससे निष्पक्षता प्रभावित होती है।

लोगों ने मांग की है कि तहसील परिसर में कार्यरत सभी प्राइवेट व्यक्तियों की सूची सार्वजनिक की जाए और संवेदनशील शाखाओं में तत्काल प्रभाव से बाहरी व्यक्तियों की प्रवेश पर रोक लगाई जाए। साथ ही पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कर अभिलेखों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की जरूरत बताई जा रही है। प्रशासन की चुप्पी और प्राइवेट कर्मचारियों की बढ़ती भूमिका ने तहसील के कामकाज पर सवाल खड़े कर दिए है। जब तक इस पर कड़ा निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक सरकारी अभिलेखों की सुरक्षा और न्यायिक प्रक्रियाओं की पारदर्शिता संदिग्ध बनी रहेगी।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com



# कोरिया में 8 दिसंबर को रिलीज होगी लव इन वियतनाम...

**मुंबई।** शांतनु माहेश्वरी और अवनीत कौर स्टारर 'लव इन वियतनाम' चार महीने पहले अगस्त में भारत में रिलीज हुई थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। अब भारत के बाद 'लव इन वियतनाम' कोरिया में रिलीज होने वाली है। राहत शाह काजमी द्वारा निर्देशित 'लव इन वियतनाम' 8 दिसंबर को कोरिया में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म भारत में 12 सितंबर को रिलीज हुई थी। यह सबाहतिन अली के सबसे ज्यादा बिकने वाले उपन्यास 'मैडोना इन अ फर कोट' से प्रेरित एक दिल दहला देने वाली प्रेम कहानी है। यह हिंदी सिनेमा में भारत-वियतनाम के बीच पहला सहयोग है। लव इन वियतनाम के कोरिया में रिलीज होने पर फिल्म की कास्ट ने खुशी जताई।

## लाइफ Style



# एला


## खूबसूरत लुक से लूटी लाइमलाइट

पेरिस में हर साल 'ले बाल डेस डेब्यूटेंट्स' आयोजित होता है, जिसे ले बाल भी कहा जाता है। यह एक सालाना फैशन इवेंट है, जहां दुनियाभर के प्रतिष्ठित व शाही परिवारों की बेटियां डेब्यू करती हैं। इस साल एला वाडिया ने उपस्थिति दर्ज कराई और अपने लुक से इस इवेंट में छा गईं।

एजेंसी ⏭ पेरिस

फैशन इवेंट 'ले बाल' हर साल नवंबर में पेरिस में आयोजित होता है। यहां दुनियाभर के फिल्म, राजनीति, बिजनेस व अन्य प्रतिष्ठित घरानों की बेटियां इंटरनेशनल सोसाइटी के सामने औपचारिक रूप से रूबरू होती हैं। यह सिर्फ फैशन से जुड़ा इवेंट नहीं है, बल्कि इसका ताल्लुक पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा और प्रतिष्ठा से भी है। इस बार भारतीय एला वाडिया ने भी इवेंट में उपस्थिति दर्ज कराई और छा गईं। पेरिस के इस इवेंट में भारतीय नाम एला वाडिया की चर्चा हो रही है। मगर, उनका कनेक्शन मोहम्मद अली जिन्ना से है। बता दें कि एला वाडिया भारत के प्रतिष्ठित बिजनेस घराने वाडिया ग्रुप से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता जहांगीर वाडिया का ताल्लुक बॉम्बे डाइंग, बॉम्बे रियलिटी और गो फर्स्ट जैसी कंपनियों से रहा है। वहीं, मां सेलीना वाडिया फैशन डिजाइनर हैं। एला वाडिया अगर भारत के वाडिया ग्रुप से ताल्लुक रखती हैं तो मोहम्मद अली जिन्ना से उनका कनेक्शन कैसे हुआ? इसका जवाब यह है कि जिन्ना की बेटी दीना जिन्ना ने नेविल वाडिया से शादी की थी। उनके बेटे नुस्ली वाडिया हुए। नुस्ली वाडिया ग्रुप के चेयरमैन हैं। उनके दो बेटे-नेस वाडिया और जहांगीर वाडिया हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ा सम्राट

**नई दिल्ली।** जेम्स कैमरून अकेले ऐसे निर्देशक हैं जिनकी दो फिल्मों ने दुनिया के बॉक्स ऑफिस पर नंबर 1 का ताज पहना, टाइटैनिक और अवतार. नोलन की फिल्मों ने भी शानदार सफलता हासिल की है, लेकिन कैमरून की फिल्मों का प्रभाव ऐसा है जिसके सामने हर रिकॉर्ड छोटा पड़ जाता है। वे सिर्फ फिल्में नहीं बनाते, वे बॉक्स ऑफिस की दिशा बदल देते हैं। नोलन कहानी और संरचना के उस्ताद हैं, लेकिन कैमरून ने सिनेमा की तकनीक का भविष्य गढ़ा है।




# शादी के 7 साल पूरे होने का मनाया जश्न

**लॉस एंजिल्स।** देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की शादी को 7 साल बीत चुके हैं। मंगलवार को प्रियंका और निक की वेडिंग एनिवर्सरी थी। इस खास मौके पर निक ने प्रियंका की एक हॉट तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की और एक खास नोट भी लिखा। इसमें प्रियंका समुद्र किनारे लेटी हुई हैं, पीठ कैमरे की तरफ है। निक ने लिखा, 'मेरी ड्रीम गर्ल से शादी को 7 साल हो गए।' कथित तौर पर प्रियंका और निक की लव स्टोरी की शुरुआत ट्विटर से हुई थी। दरअसल, निक ने ट्विटर (एक्स) पर प्रियंका को मैसेज भेजा था। फिर दोनों मैसेज करने लगे। साल 2017 में पहली बार वैनिटी फेयर ऑस्कर पार्टी में मिले। इसके बाद 2017 के मेट गाला में साथ रेड कार्पेट पर नजर आए। 2018 में इनकी डेटिंग की खबरें आईं।



# मिसेज देशपांडे का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित अपने नए शो 'मिसेज देशपांडे' के साथ ओटीटी पर आने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। नागेश कुकुनूर के निर्देशन में बना शो 'मिसेज देशपांडे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि माधुरी दीक्षित का किरदार कुछ लोगों को रस्सी के जरिए मार देता है। पुलिस केस की जांच करती है और कहती है कि इन लोगों को नायलॉन की रस्सी से मारा गया है और शीशे के सामने बॉडी को रखा गया है। लगता है 25 साल पहले वाली कोई सीरियल किलर है। ट्रेलर में पुलिस माधुरी से पूछताछ करती हैं। माधुरी कहती हैं, मैं यहां अंदर हूं। इसका मतलब कोई बाहर है, जो मेरी नकल कर रहा है। इसके बाद माधुरी पुलिस वाले से डील करती हैं। वह कहती हैं आपको मेरी मदद की जरूरत है लेकिन मुझे बदले में कुछ चाहिए।



# धुरंधर के टाइटल ट्रैक पर किया धांसू डांस

**मुंबई।** मुंबई में सोमवार को रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म 'धुरंधर' का म्यूजिक एल्बम लॉन्च हुआ। इस मौके पर रणवीर ने फिल्म के टाइटल ट्रैक पर मंच पर खूब डांस किया और अपनी धमाकेदार एनर्जी से सबको हैरान कर दिया। रणवीर का यह वीडियो फैंस को काफी पसंद आ रहा है। इस कार्यक्रम में रणवीर के साथ अभिनेत्री सारा अर्जुन और रैपर-गायक हनुमानकाइंड भी मौजूद थे। रणवीर पूरे काले कपड़ों में थे और बहुत स्टाइलिश लग रहे थे। जैसे ही टाइटल ट्रैक बजा, वे मंच पर नाचने लगे और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। यह गाना हनुमानकाइंड और जैस्मीन सैंडलस ने गाया है। रणवीर का यह डांस सोशल मीडिया पर फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। फैंस ने सोशल मीडिया पर रणवीर की तारीफों के पुल बांधे हैं।

## टीवी मसाला



# 7वें सीजन के साथ लौट रहा एकता का सुपर नेचुरल शो नागिन...

**नई दिल्ली।** एक और मजेदार ड्रामा के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि एकता कपूर का मोस्ट अवेटेड शो नागिन सातवें सीजन के वापस आ रहा है। जिसमें प्रियंका चाहर चौधरी को रहस्यमयी नागिन का रोल निभाने के लिए लिया गया है। 29 साल की एक्ट्रेस को बिग बॉस सीजन 16 में सेकंड रनर-अप रहने के बाद पहचान मिली थी। प्रियंका से पहले नागिन का आइकॉनिक रोल मौनी रॉय, सुरभि ज्योति, निया शर्मा, सुरभि चंदना और तेजस्वी प्रकाश ने किया था। इस शो को दर्शकों ने बहुत पसंद किया है और अब एकता कपूर के शो का 7वां सीजन फिर से भरपूर एंटरटेनमेंट करने के लिए तैयार है। हिंदी सोप-ओपेरा का सातवां सीजन 27 दिसंबर से कलर्स टीवी चैनल पर हर शनिवार और रविवार रात 8 बजे एयर होना शुरू होगा। नागिन सीजन 7 उसी तारीख को उसी समयजियोहॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। सीजन 7 इस दिसंबर में अपना जादू चलाने के लिए तैयार है। नागिन सीजन 7 के लेटेस्ट प्रोमो में प्रियंका चाहर चौधरी को एक मासूम औरत से रूप बदलने वाली नागिन में बदलते हुए दिखाया गया है। कहानी महाकुंभ मेले पर सेट है, जो एक आने वाले 'महायुद्ध' (बड़े युद्ध) का इशारा देती है। जहां ईशा सिंह का कैरेक्टर प्रियंका के साथ नाग मंदिर को घूरता हुआ दिखाई देता है, जिसका डुअल-लुक सामने आता है, वहीं करण कुंद्रा का कैरेक्टर चेतावनी देता है कि तबाही शुरू हो गई है।


## मैं शेर नहीं जंगल का मालिक हूं : गौरव

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 अब खत्म होने जा रहा है। शो का फिनाले 7 दिसंबर को होने वाला है, जिसमें पता चल जाएगा कि इस साल बिग बॉस की ट्रॉफी कौन अपनो घर लेकर जाने वाला है। शो के फिनाले वीक में मीडिया कंटेस्टेंट से मिलने के लिए आती है जिसमें पूरे सीजन के तीखे सवाल उनसे पूछे जाते हैं। इस सीजन में मीडिया एपिसोड में कुछ ऐसा हुआ है, जो आजतक बिग बॉस की हिस्ट्री में नहीं हुआ है। गौरव खन्ना कहते हैं, 'अगर मैं जनता के प्यार से विनर बन गया तो मैं आपको बता रहा हूं शायद आप न माने, ये बहुत से लोगों के लिए इंस्पिरेशन रहेगा कि आप बिना गाली-गलौज किए, बिना गलत स्टैंड लिए भी शो जीत सकते हैं। अगर मैं अभिनय कर रहा हूं तो मुझे ऑस्कर दिया जाए। कोई भी एक्टर ऐसे शो में 24 घंटे इस तरह से एक्टिंग नहीं कर सकता है। ये बात मैं नहीं हमारे शो के सुपरस्टार सलमान सर हैं, उन्होंने ही बोला है। हैट्स ऑफ इस लड़के को अगर ये एक्टिंग है। मैं शेर नहीं, उस जंगल का मालिक हूं, जिसमें शेर छुपकर घूमते हैं।' गौरव का ये जवाब सुनकर रिपोर्ट्स उनके लिए ताली बजाने लगते हैं।



# राजासाब से बोमन का हाथ में छड़ी तिरछी नजर और इंटेंस लुक आउट

**नई दिल्ली।** हॉरर फैंटेसी फिल्म 'द राजासाब' के मेकर्स ने बोमन ईरानी के जन्मदिन पर उनका एकदम नया लुक पोस्टर दिखाया, जो इंडियन सिनेमा के सबसे वर्सेटाइल परफॉर्मर्स में से एक को ट्रिब्यूट है। मारुति के डायरेक्शन में बनी 'द राजासाब' एक आने वाली तेलुगु फिल्म है जिसमें प्रभास लीड रोल में हैं और यह जनवरी 2026 में संक्रांति के त्योहार के मौसम में थिएटर में रिलीज होगी। द राजासाब में बोमन ईरानी एक साइकेट्रिस्ट, हिप्नोटिस्ट और पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर का रोल निभा रहे हैं। यह एक ऐसा कैरेक्टर है जो इंटेलेक्चुअल और मिस्टीसिज्म से भरा हुआ है। फिल्म के ट्रेलर में पहले ही दिखाया गया है कि वह प्रभास के हीरो को हिप्नोसिस में डालते हैं, जिससे कहानी का पहला बड़ा ट्विस्ट आता है और कहानी की इमोशनल पल्स शुरू होती है। राजासाब को पीपल मीडिया




फैक्ट्री और आईवीवाई एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल, रिद्धि कुमार और संजय दत्त भी हैं। यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 को हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।

# वो पांच अभिनेत्रियां, जिन्होंने अपनी सहेली के पति से रचाया विवाह

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी लव स्टोरीज हुई हैं जो दोस्ती से प्यार में बदल गईं, लेकिन कुछ मामलों में ये विवादों का कारण भी बनीं। यहां हम बात कर रहे हैं उन पांच एक्ट्रेस की, जिन्होंने अपनी करीबी सहेली के पति से शादी की। बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों ने अपनी सहेली के पति से शादी रचाई है, भले ही वो उनकी दूसरी बीवी कहलाईं। इस लिस्ट में पांच अभिनेत्रियों के नाम शामिल हैं, जिनके बारे में सुनकर आपको जरूर हैरानी होगी। ये बॉलीवुड की सबसे कंट्रोवर्शियल लव स्टोरीज में से एक हैं, जिनके बारे में जानकर आपको हैरानी जरूर होगी।

***हंसिका मोटवानी*** : टीवी, साउथ और बॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुकीं हंसिका ने 2022 में बिजनेसमैन सोहेल कठूरिया से शादी की। लेकिन शादी से पहले ये खबरें आईं कि सोहेल उनकी दोस्त रिंकी बाजाज के पहले पति थे। रिंकी के साथ उनकी दोस्ती टूट गई और ये मामला काफी चर्चा में रहा। हालांकि, हाल ही में रिपोर्ट्स में उनकी शादी में दरार और उनके अलग रहने की अफवाहें सामने आई थीं।





***शिल्पा शेट्टी*** : फिटनेस फ्रीक शिल्पा शेट्टी ने 2009 में राज कुंद्रा से शादी की। राज पहले कविता कुंद्रा से शादीशुदा थे, जो शिल्पा की अच्छी दोस्त थीं। तलाक के बाद राज और शिल्पा ने शादी की, जिससे बॉलीवुड में खूब गॉसिप हुई। आज दोनों खुशहाल हैं और दो बच्चों के माता-पिता हैं।

***अमृता अरोड़ा*** : *मलाइका अरोड़ा की बहन अमृता ने 2002 में बिजनेसमैन शकील लदाक से शादी की। शकील पहले निशा राणा से शादीशुदा थे, जो अमृता की क्लोज फ्रेंड थीं। तलाक के बाद अमृता ने शकील से शादी की। ये जोड़ी आज भी स्ट्रॉन्ग है। शकील की नेट वर्थ करीब 87 करोड़ रुपये बताई जाती है।*

***सोनिया कपूर*** : *टीवी एक्ट्रेस सोनिया कपूर ने 2018 में हिमेश रेशमिया से शादी की। हिमेश पहले कोमल से शादीशुदा थे, और कोमल सोनिया की अच्छी सहेली थीं। 2017 में हिमेश-कोमल का तलाक हुआ, उसके बाद सोनिया ने हिमेश से शादी की। इस शादी ने भी काफी सुर्खियां बटोरीं।*

***रवीना टंडन*** : *रवीना ने 2004 में फिल्ममेकर अनिल थडानी से शादी की। अनिल पहले नताशा सिप्पी से शादीशुदा थे, जो बॉलीवुड प्रोड्यूसर रोमू सिप्पी की बेटी और रवीना की बेस्ट फ्रेंड थीं। रवीना और अनिल की मुलाकात फिल्म 'स्टंप्ड' के सेट पर हुई, और अनिल के तलाक के बाद दोनों ने शादी कर ली।*

## पहली बार किसी रीजनल भाषा की फिल्म ने छुई हैं इतनी ऊंचाइयां

# रिलीज से पहले ही इस सस्पेंस थ्रिलर ने कमाए 350 करोड़

*नई दिल्ली। बॉक्स ऑफिस पर कमाई की तय करती है कि कोई फिल्म सक्सेसफुल हुई या नहीं। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर सफल होने के लिए पहले फिल्म को थिएटर्स में रिलीज होना पड़ता है, जिसके बाद ऑडियंस फिल्म देखती है और अगर फिल्म अच्छी निकली तब ज्यादा से ज्यादा दर्शक उसे देखने आते हैं। लेकिन, एक फिल्म ऐसी भी है जिस पर लोग आंख मुंदकर भरोसा कर रहे हैं, वो भी इतना कि अभी इस फिल्म का एक सीन भी शूट नहीं हुआ है और इसने बिना रिलीज हुए ही 350 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है।*

### लोका : चैप्टर 1 को छोड़ा पीछे

यह एक मलयालम फिल्म है जिसकी शूटिंग अभी शुरू भी नहीं हुई है और इसने पहले ही 350 करोड़ रुपए की जबरदस्त कमाई कर ली है। यह फिल्म है दृश्यम 3 जो सबसे सफल सिनेमाई फ्रेंचाइजी में से एक का आखिरी चैप्टर है, जिसका सबको इंतजार था और इसकी प्री-रिलीज कमाई ने अब हाल की कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है, जिसमें मशहूर लोका: चैप्टर 1 भी शामिल है।

### दृष्यम 3 को लेकर बढ़ा क्रेज

मोहनलाल और जीतू जोसेफ दृष्यम 3 को लेकर वापस आ गए हैं और फिल्म को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं, खासकर प्रोड्यूसर एम रंजीत के एक चौंकाने वाले खुलासे के बाद। फिल्म के बारे में बात करते हुए, रंजीत ने कन्फर्म किया कि प्रोजेक्ट ने प्री-रिलीज बिजनेस में पहले ही 350 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रोड्यूसर कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक के पैनोरमा स्टूडियोज ने फिल्म के थिएट्रिकल, ओवरसीज और डिजिटल राइट्स के साथ-साथ हिंदी वर्जन बनाने के राइट्स भी खरीद लिए हैं। इस डील ने मलयालम इंडस्ट्री में एक नया बेंचमार्क सेट किया है, यह पहली बार है जब किसी रीजनल भाषा की फिल्म ने बिना फुटेज, टीजर या स्टिल्स के इतनी ऊंचाइयां छुई हैं।

### कहानी कहने का एक कल्चरल सिंबल बन गई



बारह सालों में दृश्यम एक मामूली बजट वाली सस्पेंस ड्रामा से मलयालम कहानी कहने का एक कल्चरल सिंबल बन गई है। पहली फिल्म ने 100 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाए, दूसरी ने महामारी को हराकर 350 करोड़ रुपए का आंकड़ा छुआ और तीसरी ने एक भी फ्रेम कैप्चर होने से पहले ही रिकॉर्ड बना दिए। अब सबसे बड़ा सस्पेंस बॉक्स ऑफिस नंबर्स में नहीं, बल्कि कहानी में है, कौन सी कहानी उन उम्मीदों के लेवल से मेल खा सकती है जो उसने पहले ही जगा दी हैं? सिर्फ जीतू जोसेफ और मोहनलाल के पास स्क्रिप्ट है और देश भर के दर्शक यह देखने का इंतजार कर रहे हैं कि आखिरी चैप्टर कैसे सामने आएगा।

### रिलीज से पहले मचाई हलचल

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दृश्यम 3 ने शूटिंग शुरू होने से पहले ही 350 करोड़ रुपए के क्लब में एंट्री कर ली है। एक प्रोजेक्ट जो अभी भी प्रोडक्शन स्टेज में है, इस कामयाबी ने फिल्म ट्रेड और फैंस दोनों में हलचल मचा दी है। जो बात इस कामयाबी को और भी खास बनाती है, वह है वह सफर जिसने इस फ्रेंचाइजी को यहां तक पहुंचाया। जब दृश्यम पहली बार 2013 में रिलीज हुई थी, तो यह सिर्फ 3 करोड़ रुपए में बनी एक छोटी मलयालम थ्रिलर के तौर पर आई थी। पहली फिल्म से यह दर्शको के बीच एक पसंदीदा थ्रिलर बन गई और इसके दूसरे पार्ट को भी अपार सफलता मिली।

### हिंदी वर्जन में की धांसू कमाई

जीतू जोसेफ के डायरेक्शन में बनी और मोहनलाल और मीना स्टारर यह फिल्म जल्द ही पूरे देश में सेंसेशन बन गई, यहां तक कि जापान में भी इसके बहुत सारे फैंस बन गए। इसकी दिलचस्प कहानी ने जल्द ही तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी में रीमेक बनाने की प्रेरणा दी। जीतू जोसेफ ने खुद कमल हासन के साथ तमिल अडैप्टेशन डायरेक्ट किया, जबकि श्रीप्रिया ने तेलुगु वर्शन की जिम्मेदारी संभाली, पी वासु ने कन्नड़ रीमेक को डायरेक्ट किया और स्वर्गीय निशिकांत कामत ने अजय देवगन और श्रेया सरन स्टारिंग हिंदी एडिशन को डायरेक्ट किया। अकेले हिंदी वर्जन ने लगभग 1,800 करोड़ रुपए कमाए, जिससे इस फ्रैंचाइजी की पहचान भारत की सबसे मजबूत स्टोरीटेलिंग एक्सपोर्ट्स में से एक के तौर पर पक्की हो गई।